राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण गुरुवार, 15 सितंबर 2022 वर्ष-5,अंक-229 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संक्षिप्त समाचार



### उड़ान भरने से पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से उठा धुआं, सुरक्षित निकाले गए सभी यात्री

**(एजेंसी)।** मस्कट एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में अचानक धुंआ निकलने से हडकंप मच गया। आनन-फानन में विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सभी यात्रियों को टर्मिनल बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है। विमान में कुल 145 यात्री सवार थे। विमान मस्कट से कोच्चि के लिए रवाना होने वाला था लेकिन उससे पहले विमान से धुआं निकलने लगा। वहीं, इंजीनियर्स की टीम विमान की जांच कर रही है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अपने बयान में कहा कि, 'मस्कट हवाई अड्डे के रनवे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान (कोचीन के लिए) के इंजन नंबर 2 में धुआं दिखने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यात्रियों के लिए राहत उड़ान की व्यवस्था की जा रहे रही है। हम घटना की जांच करेंगे और उचित कार्रवाई भी करेंगे।' बता दें कि दो महीने पहले, कालीकट से दुबई जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान से जलने की गंध आने के बाद मस्कट की ओर मोड़ना पड़ा था।

### 6 हफ्ते में सरकारी आवास खाली करें सुब्रमण्यम स्वामी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट से बीजेपी नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वामी को सरकारी आवास खाली करने का निर्देश दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने स्वामी से कहा कि वह 6 हफ्ते में सरकारी आवास खाली करें। सुब्रमण्यम स्वामी ने दिल्ली हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल कर टाइप 7 बंगला रियल अलॉट करने की मांग की थी।स्वामी ने याचिका में अपनी जेड सिक्योरिटी का हवाला देकर बंगले को री-अलॉट करने की मांग की थी। बता दें कि याचिका में कहा गया था कि वह 15 जनवरी 2016 से इसी बंगले में रह रहे हैं। गौरतलब है कि राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल 2022 में समाप्त होने पर स्वामी ने सुरक्षा के खतरे को देखकर बंगले के दुबारा आवंटन की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। वहीं, केंद्र सरकार ने स्वामी की याचिका का विरोध करते हुए यह तर्क दिया है कि बंगले में अन्य मंत्रियों और सांसदों को आवंटित करने की आवश्यकता है। इसके बाद उन्हें बंगला खाली कर देना चाहिए। लेकिन अब कोर्ट से उन्हें मायूसी हाथ लगी है।

### हम चाहते हैं कि 2025 तक फ्रांस में भारतीय छात्रों की संख्या 20,000 हो



**नई दिल्ली ।** फ्रांस चाहता है कि देश में 2025 तक भारतीय छात्रों की संख्या बढ़कर 20,000 हो जाए। फ्रांसिसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने यह बात कही। कोलोना फिलहाल तीन दिन की भारत यात्रा पर हैं। दिल्ली में लेडी श्रीराम कॉलेज में छात्राओं से बातचीत के दौरान कोलोना ने कहा हम चाहते हैं कि 2025 तक भारतीय छात्रों की संख्या बढ़कर 20 हजार हो जाए। मुझे पता है कि यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, लेकिन मैं यह जानती हूं, कि भारत और फ्रांस के बीच कोई सीमा नहीं है। फ्रांसीसी मंत्री ने जोर देकर कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लिंग संतुलन एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, जब लिंग संतुलन की बात आती है तब बहुत कुछ बदल चुका है लेकिन हम अभी भी वहां नहीं हैं, जहां होना चाहिए।

# हिंदी अपनी सादगी

## सहजता से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती : पीएम मोदी

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी दिवस के मौके पर लोगों को बधाई देकर कहा कि इसकी सादगी, सहजता और संवेदनशीलता हमेशा लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पीएम मोदी ने उन सभी लोगों को बधाई दी जिन्होंने हिंदी को समृद्ध और सशक्त बनाने में अथक योगदान दिया है। पीएम मोदी ने ट्वीट में कहा कि हिन्दी ने विश्वभर में भारत को एक विशिष्ट सम्मान दिलाया है। इसकी सरलता, सहजता और संवेदनशीलता हमेशा आकर्षित करती है। हिन्दी दिवस पर मैं उन सभी लोगों का हृदय से अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में अपना अथक योगदान दिया है। इसके पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की मित्र है और यह एक आधिकारिक भाषा के रूप में 'पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधती है। शाह ने ट्वीट करके कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हिंदी सहित सभी स्थानीय भाषाओं के एक साथ विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने हिंदी में ट्वीट करके कहा कि 'राजभाषा हिंदी राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरौती है। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी के संरक्षण व संवर्धन में योगदान देने वाले महानुभावों को नमन करता हूं। सभी को 'हिंदी दिवस' की शुभकामनाएं। गौरतलब है कि हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित होने के बाद यह दिन हिंदी भाषा को समर्पित है। भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी को भारत संघ की आधिकारिक भाषा घोषित किया। 25.8 करोड़ लोगों द्वारा मूल भाषा के रूप में बोली जाने वाली हिंदी को दुनिया में चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा के रूप में मान्यता हासिल है।

## महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू





**(एजेंसी)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए 17 से 19 सितंबर तक ब्रिटेन जाएंगी और उन्हें भारत सरकार की ओर से शोक संवेदनाएं प्रकट करेंगी। राष्ट्रमंडल देशों की प्रमुख एवं ब्रिटेन की राष्ट्राध्यक्ष रहीं महारानी एलिज़ाबेथ का आठ सितंबर को निधन हुआ था। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ब्रिटिश उच्चायोग में जाकर औपचारिक रूप से भारत की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की। भारत ने दिवंगत महारानी के सम्मान में 11 सितंबर को एक दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित किया था। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा कि महारानी एलिज़ाबेथ के 70 वर्ष के लंबे शासनकाल में भारत एवं ब्रिटेन के बीच संबंध खूब फले फूले एवं मजबूत हुए। उन्होंने राष्ट्रमंडल के अध्यक्ष के रूप में लाखों करोड़ों लोगों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान किया।

## भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शिवगिरि मठ पहुंचे राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम ।**

कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पदयात्रा के केरल चरण के चौथे दर्ी न की शुरुआत से करने पहले शिवगिरि मठ पहुंचे। यह प्रख्यात समाज सुधारक श्री नारायण गुरु के शिवगिरि मठ जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवगिरि मठ में राहुल ने संन्यासियों से मुलाकात कर संत श्री नारायण गुरु के आगे शीश झुकाया। राहुल गांधी ने यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए कहा र्कि महान आध्यात्मिक, दार्शनिक और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु की समाधि शिवगिरि मठ जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री नारायण गुरु ने लोगों के उत्थान के लिए अथक परिश्रम किया और महात्मा गांधी समेत कई स्वतंत्रता सेनानियों पर उनका प्रभाव रहा। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा र्कि पदयात्रा शुरू होने से पहले, राहुल गांधी ने श्री नारायण गुरु की समाधि पर श्रद्धांजलि दी जिन्होंने लाखों लोगों के सशक्ति करण का काम किया था और महात्मा गांधी तथा बाबा साहेब बीआर आंबेडकर पर उनका गहरा प्रभाव था। वह इसतरह के सामाजिक कार्यकर्ता थे जो आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं।

यात्रा बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे नवैकुलम जंक्शन से प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। तिरुवनंतपुरम जिले में तीन दिन गुजारने के बाद कांग्रेस नेता बुधवार को यात्रा के तहत कोल्लम जिले में पहुंचने वाले हैं। यात्रा का पहला चरण कोल्लम के चथनूर में विराम लेगा और वहां से शाम साढ़े चार बजे सफर फिर शुरू होगा।

## स्कूल बस में 3 साल की बच्ची से रेप के आरोपी बस ड्राइवर पर सरकार का कड़ा एक्शन

24 घंटे में ढहा दिया पूरा घर

**नेशनल डेस्क-**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्कूल बस ड्राइवर द्वारा 3 साल की बच्ची से रेप करने पर राज्य सरकार ने कड़ा एक्शन लिया। राजस्व विभाग, पुलिस और नगर निगम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए निजी स्कूल के बस ड्राइवर के घर पर हथौड़ा चलाकर उसे गिराया गया हालांकि मकान तोड़ने से पहले ड्राइवर के परिवार से मकान को खाली करवाया गया, फिर उसके बाद कार्रवाई की गई। दरअसल, आरोपी ड्राइवर ने इलाके के शाहपुरा क्षेत्र में वसंत कुंज कॉलोनी के पास टंकी के सामने गार्डन की जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान बनाकर अतिक्रमण किया हुआ था जिस पर प्रशासन ने ये कड़ा एक्शन लिया। वहीं बच्ची के साथ रेप के मामले को लेकर कलेक्टर अविनाश लवानिया ने एसडीएम और डीईओ को निर्देश दिए हैं कि सभी स्कूल बसों में महिला स्टाफ जरूरी है और इसके साथ ही रिकार्डिंग कैमरे भी अनिवार्य हैं। इसके लिए लगातार सभी बसों की जांच की जाए। बता दें कि भोपाल में 3 साल बच्ची के साथ स्कूल की बस के ड्राइवर ने महिला एटेंडेट के सामने ही रेप किया इसके बाद बच्ची के बैग में रखे स्पेयर कपड़ों को भी चेंज किया गया। बच्ची परिजनों ने पुलिस को बताया कि स्कूल से जब बच्ची घर आई तो कपड़े बदलते समय बच्ची की मां ने उसके प्राइवेट पार्ट पर निशान देखे, जिसके बाद पता चला कि स्कूल बस ड्राइवर बैड टच करते हैं। इसके बाद परिजनों ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया. पुलिस ने पोक्सो और धारा 376 के तहत केस दर्ज कर स्कूल बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया।

## ईडी सीबीआई का डर दिखाकर विधायकों को तोड़ रही भाजपा: केजरीवाल

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर आरोप लगाकर कहा हैं कि ईडी सीबीआई का डर दिखाकर विधायकों को खरीद कर रही है। गोवा में कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने पर ये बयान सामने आया है। केजरीवाल ने कहा कि हम यह कहते आ रहे हैं कि ये लोग ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं। ये हजारों करोड़ रुपये कहां से आ रहा है। जाहिर सी बात है कि सरकारी पैसा है, इसकारण महंगाई बढ़ रही है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में, दिल्ली में भी हमारे विधायकों को खरीदने के लिए कोशिश की गई। ऐसा ही और राज्यों में भी किया गया। केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली में एक चमत्कार हुआ था। दिल्ली के लोगों ने एक ईमानदार सरकार बनाई। पहले दिल्ली में बिजली बहुत जाती थी, अब 24 घंटे आती है। भ्रष्टाचार खत्म करके पैसा बचाया और दिल्ली के लोगों को 24 घंटे फ्री बिजली मिलती है। केजरीवाल ने कहा की जो लोग बिल पे कर सकते हैं बिल पे करें। अभी तकरीबन 3 हजार करोड़ की सब्सिडी देते हैं।

## पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति के बीच बैठक को लेकर संशय, पुतिन के साथ हो सकती पीएम मोदी की बैठक

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

उज्बेकिस्तान के समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात को लेकर अभी भी संशय है। जबकि बड़ी बैठक से पहले भारत-चीन सीमा पर गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स में दोनों देशों की सेनाओं की वापसी को सुनिश्चित किया गया। दोनों नेता उज्बेकिस्तान में एससीओ शिखर सम्मेलन में मिलने वाले हैं, लेकिन किसी भी पक्ष ने उनके बीच अलग से बैठक होने की पुष्टि नहीं की है। जबकि रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ पीएम मोदी की शुक्रवार को बैठक हो सकती है। बीजिंग में प्रेसवार्ता में चीन ने कहा कि उसके पास राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अलग से मुलाकात के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जबकि सूत्रों ने उल्लेख किया कि शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की बहुत ज्यादा द्विपक्षीय बैठकें होने की संभावना नहीं है। हालांकि शी के साथ द्विपक्षीय बैठक की संभावना को पूरी तरह से खत्म नहीं माना जा सकता है। एससीओ शिखर सम्मेलन से ठीक पहले लद्दाख में तनाव घटाने की कोशिश से यह अनुमान लगा जा रहा था कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की उम्मीद बन सकती है। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी और पुतिन के बीच एक बैठक की संभावना पर चर्चा चल रही है। क्रेमलिन ने कहा था कि पुतिन समरकंद में कई द्विपक्षीय बैठकें कर सकते हैं। हालांकि दौरे में पीएम मोदी का मेजबान देश उज्बेकिस्तान के प्रमुख के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल होना तय है। पीएम मोदी और ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के बीच बैठक का समय भी तय करने की कोशिश जारी हैं। ईरान अपना कच्चा तेल भारत को फिर से निर्यात करना चाहता है। वह बैठक के लिए बेहद उत्सुक है। बहरहाल पीएम मोदी और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के बीच मुलाकात का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## फिर गति पकड़ रहा कोरोना, बुधवार को 5 हजार से ज्यादा मामले सामने आए



**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

कोरोना के मामलों में फिर से बढ़ोतरी हो रही है। भारत में बुधवार को कोरोना के 5 हजार से अधिक केस दर्ज किए गए हैं। हालांकि, इस खतरनाक वायरस से रिकवर होने वाले मरीजों की संख्या 5600 से अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को बीते 24 घंटे में कोविड संक्रमण के 5108 नए मामले सामने आए, जबकि इससे ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 5675 रही। मंत्रालय द्वारा जारी डेटा के मुताबिक, बीते 24 घंटे में 5,108 नए केस आने से कोरोना के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4,45,10,057 हो गई है, जबकि सक्रिय केसों की संख्या अब भी 50 हजार से नीचे है।

बीते 24 घंटे में कोविड से जान गंवाने वाले मरीजों की संख्या 19 है, जिसमें 12 मौतें केरल सरकार द्वारा अपडेट की गई हैं। इस तरह से देश में कोरोना से मरने वालों की कुल संख्या 52,82,16 है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि कुल मामलों में सक्रिय केसों की संख्या .10 फीसदी है, जबकि देश में कोरोना की रिकवरी रेट 98.71 फीसदी हो गई है। वहीं, औसत संक्रमण दर 1.44 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि साप्ताहिक सकारात्मकता दर 1.70 प्रतिशत दर्ज की गई है। संक्रमण के अब तक 89.02 करोड़ टेस्ट हो चुके हैं और पिछले 24 घंटों में 3,55,231 टेस्ट किए गए। बता दें कि कोरोना की रफ्तार इसकारण भी डराने वाली है, क्योंकि बीते कुछ दिनों से रोजाना लगातार 5 हजार से नीचे नए केस सामने आ रहे थे।

मंगलवार को कोरोना के 4369 नए केस दर्ज किए थे और संक्रमण से 20 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, उससे एक दिन पहले सोमवार को भी कोरोना के मामलों में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी।

# भारत को जल्द मिल सकती हैं डेंगू की वैक्सीन, सरकार ने पहले चरण के परीक्षण की अनुमति दी

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

दिल्ली सहित देश के अलग-अलग इलाकों में डेंगू कहर के बीच एक अच्छी खबर है। भारत में बहुत जल्द इसकी वैक्सीन भी तैयार होगी, क्योंकि डेंगू की वैक्सीन के पहले फेज के ट्रायल को हरी झंडी मिल गई है। देश की अग्रणी वैक्सीन निर्माता कंपनी 'द इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड' (आईआईएल) को डेंगू के टीके के पहले चरण के परीक्षण की अनुमति मिल गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, द इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने ने कहा कि हमें अब डेंगू की वैक्सीन के लिए पहले चरण के परीक्षण की अनुमति मिल गई है। अभी तक भारत में डेंगू का कोई टीका नहीं है। यह एक बहुत बड़ा मील का पत्थर होगा। हमने सभी जानवरों का परीक्षण पूरा कर लिया है और अब हमें ह्यूमन ट्रायल यानी मानव परीक्षणों की अनुमति दी जा रही है। आईआईएल के प्रबंध निदेशक डॉ.के आनंद कुमार ने कहा कि आईआईएल यानी द इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड अमेरिका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के सहयोग से डेंगू का टीका विकसित कर रहा है। उन्होंने हमें वायरस मुहैया कराया। उन्होंने पहले चरण के ट्रायल को लेकर जानकारी देकर बताया कि ट्रायल के लिए केंद्रों की पहचान पहले से कर ली गई है, जल्द इसका ट्रायल शुरू होगा। इतना ही नहीं, उन्होंने उम्मीद जताकर कि अगले दो साल के भीतर डेंगू की वैक्सीन भारत में लांच होगी। डेंगू के दो अन्य वैक्सीन कैंडिडेट्स हैं, जिन्हें पैनेशिया बायोटेक लिमिटेड और सनोफी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे हैं। दोनों को क्लीनिकल ट्रायल की अनुमति मिल गई है। पैनेशिया बायोटेक लिमिटेड ने फेज-1 और फेज-2 के ट्रायल पूरे कर लिए हैं। वहीं, सनोफी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वैक्सीन को अमेरिका में पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और इसने भारत में परीक्षण करना शुरू कर दिया है।



क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

छात्रों को पढ़ाई के व्यवधान की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। कहने को निजी स्कूलों ने ऑनलाइन पद्धति से पढ़ाई जारी रखने का काम किया लेकिन कक्षाओं के नैसर्गिक वातावरण का विकल्प ऑनलाइन कक्षाएं कभी नहीं हो सकतीं। खासकर दूर-दराज के स्कूलों में जहां इंटरनेट नेटवर्क ठीक तरह से काम नहीं करता था।

# मानसिक सेहत की सुध

**भले** ही देश कोरोना महामारी के प्रभावों से मुक्त होने की दिशा में बढ़ रहा हो लेकिन देश के विभिन्न भागों में कोरोना संक्रमण के कुछ मामले आ ही रहे हैं। ऐसे में छात्रों के प्रति अभिभावकों की चिंता स्वाभाविक है। हम बचाव के सामान्य जरूरी उपायों मसलन मास्क, सुरक्षित दूरी और सफाई से उन्हें सुरक्षित बना सकते हैं। निस्संदेह, देश बड़े संकट से उबरा है। यूं तो देश का हर वर्ग महामारी से गहरे तक प्रभावित हुआ, लेकिन स्कूली छात्र-छात्राओं ने इसकी बड़ी कीमत चुकाई। कोरोना की कोई भी लहर आई हो, सबसे पहले स्कूल-कॉलेज ही बंद किये गये। छात्रों को पढ़ाई के व्यवधान की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। कहने को निजी स्कूलों ने ऑनलाइन पद्धति से पढ़ाई जारी रखने का काम किया लेकिन कक्षाओं के नैसर्गिक वातावरण का विकल्प ऑनलाइन कक्षाएं कभी नहीं हो सकतीं। खासकर दूर-दराज के स्कूलों में जहां इंटरनेट नेटवर्क ठीक तरह से काम नहीं करता था। सरकारी स्कूलों के बच्चों को तो सबसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी क्योंकि वहां ऑनलाइन पढ़ाई का ढांचा बन ही नहीं पाया। छात्र इस दौरान महामारी के खौफ व सहपाठियों का सान्निध्य खोने के चलते मानसिक तनाव से गुजरे। संकट को महसूस करते हुए शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में एनसीईआरटी व मनोदर्पण सैल के जरिये करीब पौने चार लाख स्कूली छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सर्वेक्षण किया। एनसीआरबी की बीते साल तेरह हजार छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट ने भी देश को बेचैन किया है। काश! समय रहते उन्हें मनोवैज्ञानिक परामर्श मिल पाता। अपनी किस्म के इस पहले सर्वेक्षण के निष्कर्षों से स्कूल प्रबंधकों को अवगत कराया गया है। साथ ही इस बाबत यथाशीघ्र कदम उठाने को भी कहा गया है। स्कूलों को इन सुझावों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह एक बड़ी चुनौती है और इसके निराकरण हेतु अभिभावकों से भी जिम्मेदार भूमिका की अपेक्षा की जाती है। तभी इस गंभीर समस्या का निराकरण करके बच्चों को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाया जा सकता है। निस्संदेह, अपने किस्म के इस पहले सर्वेक्षण ने विषय की गंभीरता का बोध कराया है, जिसके अंतर्गत स्कूलों को मानसिक स्वस्थ्य परामर्श पैनल बनाने को कहा गया है। इसमें शिक्षकों के साथ ही छात्रों, पूर्व छात्रों व अभिभावकों को भी शामिल करने का आग्रह किया गया है। इसके जरिये पूरे शैक्षिक वर्ष के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं ताकि विद्यार्थी मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। बच्चों के लिये मनोवैज्ञानिक परामर्श के साथ ही योग व प्राणायाम के जरिये मानसिक स्वास्थ्य समृद्ध करने की सलाह दी गई है। छात्रों के प्रति संवेदनशील व्यवहार वक्त की जरूरत है। बेहतर हो, इस कार्य के लिये प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवाएं ली जायें। कोरोना महामारी के दौरान लॉकडाउन, संचारबंदी और कई तरह की बंदिशों का बाल-मन पर प्रतिकूल असर पड़ा। उनकी परीक्षा के तौर-तरीके व मूल्यांकन के मापदंड इस दौरान बदले गये। कुल मिलाकर छात्र तनाव की लंबी प्रक्रिया से गुजरे हैं। वहीं विद्यार्थी लंबे समय तक अपने स्कूल सहपाठियों व शिक्षकों से दूर रहे। एक शताब्दी बाद आई महामारी का सामना इस पीढ़ी ने पहली बार किया, जिसके मनोवैज्ञानिक स्तर पर कई तरह के प्रतिकूल प्रभाव देखे गये। बच्चों के व्यवहार में आक्रामकता आई और पढ़ाई के प्रति अरुचि देखी गई।

## कार्टून




## लॉफिंग ज़ोन

एक दुकान के बाहर लिखा था : इन्सानों की तरह बात करने वाला कुत्ता बिकाऊ है।

एक आदमी दुकानदार से जाकर बोला : मैं उस कुत्ते को देखना चाहता हूं। दुकानदार ने कहा : साथ के कमरे में बैठा है, जा कर मिल लो।

ग्राहक उस कमरे में गया। कुर्सी पर बैठे कुत्ते से पूछा : क्यों भई, तुम यहां क्या कर रहे हो?

कुत्ते ने बताया : कर तो मैं बहुत कुछ सकता हूं, लेकिन आजकल इस दुकान की रखवाली करता हूं। इससे पहले अमेरिका के जासूसी महकमे में काम करता था और कई खूंखार आतंकवादियों को पकड़वाया, फिर मैं इंग्लैंड चला गया जहां पुलिस के लिए मुखबरी करता था। एक साल बाद यहां आ गया।

उस आदमी ने दुकानदार से पूछा : इतने गुणवान कुत्ते को आप बेचना क्यों चाहते हैं?

जवाब मिला : अव्वल नंबर का झूठा है।

☺ ☺ ☺

रेलवे स्टेशन पर एक मुसाफिर कुली से बोला : मुझे ऐसी जगह बैठाना जहां धक्का - मुक्की और शोर-शराबा न हो।

कुली ने उसे माल गाड़ी में बैठा दिया।

# भारत 10 प्रतिशत आर्थिक विकास दर हासिल करने की ओर अग्रसर

लेखक- प्रहलाद सबनानी

वैसे तो उद्योग क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र में भी आर्थिक गतिविधियों में सुधार दृष्टिगोचर है परंतु सेवा क्षेत्र में आए उच्छाल के चलते आज भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। ब्रिटेन को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के स्थान से नीचे लाकर भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत से आगे अब केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी हैं।

**पारम्परिक** रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक योगदान सेवा क्षेत्र का रहता आया है एवं रोजगार के सबसे अधिक नए अवसर भी सेवा क्षेत्र में ही निर्मित होते रहे हैं। इस दृष्टि से कोरोना महामारी के बाद अभी हाल ही में बहुत अच्छी खबर आई है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में सेवा क्षेत्र एक बार पुनः मजबूत आधार के रूप में उभर कर सामने आया है। कोरोना महामारी के खंडकाल में सेवा क्षेत्र ही सबसे अधिक बुरे तौर पर प्रभावित हुआ था एवं इसी क्षेत्र में ही रोजगार के सबसे अधिक अवसर प्रभावित हुए थे। परंतु, अब सेवा क्षेत्र में तेजी से हुए सुधार की वजह से देश का परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई अगस्त 2022 में 57.2 अंकों पर पहुंच गया है, जो जुलाई 2022 में 55.5 अंकों के स्तर पर था। आर्थिक गतिविधियों, विशेष रूप से सेवा क्षेत्र में हुए सुधार के चलते भारत में रोजगार भी पिछले 14 वर्षों में सबसे तेज गति से बढ़ा है। सेवा क्षेत्र में व्यापार, होटल और रेस्तरां, परिवहन, भंडारण और संचार आदि से जुड़ी गतिविधियों जैसी कई तरह की अन्य गतिविधियां भी शामिल रहती हैं। वैसे तो उद्योग क्षेत्र एवं कृषि क्षेत्र में भी आर्थिक गतिविधियों में सुधार दृष्टिगोचर है परंतु सेवा क्षेत्र में आए उच्छाल के चलते आज भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। ब्रिटेन को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के स्थान से नीचे लाकर भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत से आगे अब केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी हैं। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है वर्ष 2030 के पूर्व भारत अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारतीय अर्थव्यस्था में लगातार तेज गति से हो रही वृद्धि के कारण देश में बेरोजगारी की दर में भी कमी आने लगी है। अप्रेल-जून 2022 तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 13.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। जबकि विश्व की अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे, चीन की इस अवधि में जीडीपी वृद्धि दर 0.4 प्रतिशत रही है, स्पेन में 1.1 प्रतिशत, इटली में 1.0 प्रतिशत, फ्रांस में 0.5 प्रतिशत, जर्मनी में 0.1 प्रतिशत, ब्रिटेन में -0.10 प्रतिशत और अमेरिका में -0.6 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि अप्रैल-जून 2022 तिमाही में भारत में शहरी बेरोजगारी की दर घटकर 7.6 प्रतिशत पर आ गई है, जो जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में 8.2 प्रतिशत, अप्रेल-जून 2021 तिमाही में 12.7 प्रतिशत एवं अप्रेल-जून 2020 तिमाही में 8.9 प्रतिशत थी। इस प्रतिवेदन में यह भी बताया गया है कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी की चपेट से बाहर आ रही है और रोजगार एक बार फिर गति पकड़ रहा है। उक्त प्रतिवेदन के अतिरिक्त देश के अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों को रोजगार दिलाने वाले 'स्टाफिंग' उद्योग ने भी भारत में रोजगार के अवसरों को लेकर एक बड़ा दावा किया है। 'स्टाफिंग' उद्योग ने 2021-22 में 12.6 लाख कामगारों को जोड़ा है। जिसमें से अस्थायी नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी 27 प्रतिशत रही है। अधिकतर रोजगार डिलिवरी सेवाओं के रूप में निर्मित हुए हैं। जिसमें कुल कामगारों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत की रही है। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में अस्थायी या काम के हिसाब से निश्चित अवधि के लिए नियुक्त कर्मचारियों की मांग केवल 3.6 प्रतिशत बढ़ी थी। कामगारों को दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में अधिक रोजगार मिला है। केंद्र सरकार अब सेवा क्षेत्र के अलावा उद्योग क्षेत्र विशेष रूप से कपड़ा उद्योग पर भी विशेष ध्यान दे रही है क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं। भारत में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार देश के विभिन्न हिस्सों में 75 टेक्सटाइल हब की स्थापना करने जा रही है। इससे देश के युवाओं के लिए रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित होंगे। वर्तमान में केवल तमिलनाडु का तिरुपुर ही भारत का प्रमुख टेक्सटाइल हब माना जाता है। इस हब में 10,000 से अधिक परिधान निर्माण इकाईयां कार्यरत हैं और इन इकाईयों में 6 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। देशभर में इस उद्योग का आकार 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है और देश से कपड़े का निर्यात 3.5 लाख करोड़ रुपए का हो रहा हैं। केंद्र सरकार की योजना है कि आगामी 5 वर्षों में टेक्स्टायल हब से 10 लाख करोड़ के कपड़े का निर्यात किया जाय और इस उद्योग के आकर को 20 लाख करोड़ रुपए तक ले जाया जाय। वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत से वस्त्र और परिधान का निर्यात 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4,440 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है, जो अभी तक किसी भी वित्त वर्ष में सबसे अधिक है। कपड़ा उद्योग में विकास एवं रोजगार की सम्भावनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने कपड़ा क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत अभी हाल ही में विभिन्न कंपनियों के 61 आवेदनों को मंजूरी दी है। इससे 19,000 करोड़ रुपये से अधिक का नया निवेश इस क्षेत्र में होने जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र में 184,917 करोड़ रुपये का नया कारोबार होगा एवं लगभग 2.50 लाख रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे। भारत में तेजी से आगे बढ़ते कपड़ा उद्योग से वर्ष 2030 तक 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक का निर्यात होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस संदर्भ में विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया से हाल ही में सम्पन्न किए गए मुक्त व्यापार समझौतों से भारत को बहुत लाभ होने की सम्भावना है। इसी प्रकार के समझौते यूरोपीय



यूनियन, कनाडा, ब्रिटेन एवं अमेरिका से भी किए जा रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों (सेवा, उद्योग एवं कृषि) में आर्थिक गतिविधियों के गति पकड़ने के चलते वैश्विक आर्थिक संकट के बीच वैश्विक क्रेडिट रेंटिंग एजेंसी मूडीज ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को बरकरार रखा है। मूडीज के अनुसार, भारतीय बैंकिंग प्रणाली की गुणवत्ता में और सुधार होगा क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था अब महामारी के दौर से निकल रही है। भारत के विकास का स्थिर दृष्टिकोण दर्शाता है कि भारत में वित्तीय जोखिम अब कम हो रहे हैं। भारतीय बैंकों के पास पूंजी का पर्याप्त बफर उपलब्ध है, भारतीय बैंकों में तरलता की स्थिति भी संतोषजनक है और भारत में बैंकों तथा गैर-बैंकिंग संस्थानों के लिए वित्तीय जोखिम बहुत कम है। मूडीज ने यह भी कहा है कि वर्तमान में चल रहे वैश्विक आर्थिक संकट का भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव नहीं पड़ेगा एवं भारत में मंदी आने की सम्भावना लगभग शून्य के बराबर है। सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र, विशेष रूप से कपड़ा उद्योग, में तेजी से लगातार हो रहे सुधार के साथ ही भारत अब आधुनिक बैंकिग में भी विश्व गुरू बन गया है। अमेरिका और चीन जैसे देश भी भारत से डिजिटल लेन-देन में पीछे हैं। वर्तमान में जारी वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में अभी तक 566 लाख करोड़ रुपए का डिजिटल लेन-देन किया गया है। आज भारतीय डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अधिक विकसित मानी जा रही है और न केवल विकासशील देश बल्कि विकसित देश भी भारतीय डिजिटल बैंकिग व्यवस्था को अपने देशों में लागू करने के प्रयास कर रहे हैं। भारत में आज प्रतिदिन लगभग 28.4 करोड़ का डिजिटल लेन-देन किया जा रहा है। उक्त वर्णित क्षेत्रों में लगातार हो रहे विकास के चलते एवं चीन के आर्थिक विकास में लगातार आ रही कमी तथा भारत द्वारा कई देशों के साथ सम्पन्न किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों के कारण भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में तेज गति से वृद्धि होने की सम्भावनाएं बढ़ती जा रही है। जिसके कारण अब यह सोचा जाने लगा है कि अब भारत प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करने की ओर अग्रसर है।

## विचार मंथन

### अंजाम की ओर ज्ञानवापी

लेखक-सिद्धार्थ शंकर

**ज्ञानवापी** किसकी है? इस सवाल का जवाब तय करने के लिए कोर्ट में ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस पर सुनवाई का रास्ता कम से कम वाराणसी जिला अदालत से तय हो गया। जिला जज डॉ.अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने दायर वाद की सुनवाई के हक में अपना फैसला सुनाया। हालांकि अभी भी इस मामले में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपील की जा सकती है। प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। पिछली सुनवाई पर दोनों पक्ष की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने सुनवाई के लिए 12 सितंबर की तिथि तय की थी। पिछले साल सिविल जज (सीनियर डिविजन) की कोर्ट में श्रृंगार गौरी के दर्शन-पूजन और सौंपने सम्बंधी मांग को लेकर वादी राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने गुहार लगाई थी। प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने प्रार्थना पत्र देकर वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाया था। अदालत ने प्रतिवादी की अर्जी दरकिनार करते हुए सुनवाई की और ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराकर रिपोर्ट तलब कर ली। इसी दौरान अंजुमन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जिला जज की अदालत में 26 मई से सुनवाई शुरू हुई। मसाजिद की ओर से सिविल प्रक्रिया संहिता आदेश 07 नियम 11 (मेरिट) के तहत केस खारिज करके लिए कई तिथियों पर दलीलें दी गईं। 24 अगस्त को दोनों पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया। इस दौरान वादी पक्ष की ओर से लिखित बहस भी दाखिल की गई है। मुस्लिम पक्ष ने कई विवरण व पत्रावली कोर्ट में दी हैं। पूर्व में हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष की ओर से केस की मेरिट संबंधी याचिका खारिज हो चुकी है। दरअसल, ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी केस तब शुरू हुआ, जब 18 अगस्त 2021 को पांच हिंदू महिलाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मौजूद हिंदू देवी-देवताओं की पूजा की अनुमति मांगी थी। इन महिलाओं ने खासतौर पर श्रृंगार गौरी की हर दिन पूजा करने की इजाजत चाही थी। अभी यहां साल में एक बार ही पूजा होती है। कोर्ट के आदेश पर मस्जिद में सर्वे भी किया गया था। सर्वे के बाद हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि मस्जिद के तहखाने में शिवलिंग मौजूद है, जबकि मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया था। इन पांच याचिकाकर्ताओं का नेतृत्व दिल्ली की राखी सिंह कर रही हैं, बाकी चार महिलाएं सीता साहू, मंजू व्यास, लक्ष्मी देवी और रेखा पाठक बनारस की हैं। 26 अप्रैल 2022 को वाराणसी सिविल कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में श्रृंगार गौरी और अन्य देव विग्रहों के सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी और सर्वे का आदेश दिया था। वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर के कैंपस में ही है, मस्जिद की एक दीवार किसी मंदिर के अवशेष की तरह नजर आती है। मान्यता है कि 1669 में औरंगजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर का एक हिस्सा तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई थी। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि 14वीं सदी में जौनपुर के शर्की सुल्तान ने मंदिर को तुड़वाकर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई थी। कुछ मान्यताओं के अनुसार अकबर ने 1585 में नए मजहब दीन-ए-इलाही के तहत विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई थी। मस्जिद और विश्वनाथ मंदिर के बीच 10 फीट गहरा कुआं है, जिसे ज्ञानवापी कहा जाता है। इसी कुएं के नाम पर मस्जिद का नाम पड़ा। स्कंद पुराण में कहा गया है कि भगवान शिव ने स्वयं लिंगाभिषेक के लिए अपने त्रिशूल से ये कुआं बनाया था। शिवजी ने यहीं अपनी पत्नी पार्वती को ज्ञान दिया था, इसलिए इस जगह का नाम ज्ञानवापी या ज्ञान का कुआं पड़ा। वाराणसी के प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में बनी ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर जारी विवाद वर्षों पुराना है। इन मंदिर-मस्जिद को लेकर 213 साल पहले दंगे भी हो चुके हैं। हालांकि, आजादी के बाद इस मुद्दे को लेकर कोई दंगा नहीं हुआ। ज्ञानवापी को हटाकर उसकी जमीन काशी विश्वनाथ मंदिर को सौंपने को लेकर दायर पहली याचिका अयोध्या में राम मंदिर मुद्दा उठने के बाद 1991 में दाखिल हुई थी।

## खेल-खिलाड़ी

### एथलेटिक्स में देश की उम्मीदों को नई उड़ान देते नीरज चोपड़ा

(लेखक- योगेश कुमार गोयल )

**ओलंपिक** हो या विश्व चैंपियनशिप अथवा ऐसी ही दूसरी प्रतियोगिताएं, भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा लगभग प्रत्येक स्पर्धा में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले 13 महीनों में नीरज ने ओलंपिक सहित सभी बड़े मुकाबलों में पदक जीते हैं और हर जगह अपनी प्रतिभा का शानदार नजारा पेश करने के बाद भारत के गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा ने एक फिर इतिहास रचा है। नीरज ने 26 अगस्त को डायमंड लीग सीरीज का लुसाने चरण जीतकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था और अब 8 सितम्बर की रात ज्यूरिख में डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर देश के जाने-माने उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि नीरज का मतलब कोई रोक नहीं सकता है। डायमंड लीग सीरीज का लुसाने चरण जीतने के बाद से ही नीरज को इस खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था और नीरज ने इसे साबित भी कर दिखाया। उन्होंने ज्यूरिख में 88.44 मीटर भाला फेंककर चेक गणराज्य के जैकब वादलेच्चो को पछाड़कर डायमंड लीग मुकाबला अपने नाम कियाा। नीरज की पहली थ्रो फाउल गई जबकि दूसरी थ्रो ने 88.44 मीटर की दूरी नापी, जो उन्हें खिताब दिलाने के लिए पर्याप्त थी। उन्होंने तीसरी थ्रो 88, चौथी 86.11, पांचवीं 87 और छठी अंतिम थ्रो 83.6 मीटर फैंकी। दूसरे स्थान पर रहे वादलेच्चो ने नीरज के साथ ही ओलंपिक में पदक जीता था। इससे पहले जुलाई माह में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा हासिल करने के बाद नीरज ने डायमंड लीग सीरीज के लुसाने चरण में 89.08 मीटर के अपने पहले ही थ्रो के साथ जीत दर्ज करते हुए फाइनल के लिए जगह बनाई थी और उस मुकाबले को जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने थे तथा अगले साल बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी 85.20 मीटर क्वालीफाइंग मार्क को तोड़कर क्वालीफाई किया था। लुसाने डायमंड लीग में टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता जैकब वादलेच्चो 85.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर जबकि 83.72 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ यूएसए के कर्टिस थॉम्पसन तीसरे स्थान पर रहे थे। नीरज से पहले डिस्कस थ्रोअर विकास गौड़ा डायमंड लीग में शीर्ष तीन में रहने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी थे, जो न्यूयॉर्क में 2012 में तथा दोहा में 2014 में दूसरे स्थान और 2015 में शंघाई तथा यूजीन में तीसरे स्थान पर रहे थे। लगातार ऐसी ही सफलताएं हासिल करने के कारण ही नीरज को अब भारतीय एथलेटिक्स की अभूतपूर्व सफलता का अग्रदूत भी माना जाने लगा है।

हालांकि लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर तथा 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ने भी डायमंड लीग में भाग लिया था लेकिन वे शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल नहीं हो सके थे। श्रीशंकर अगस्त माह की शुरुआत में मोनाको में छठे स्थान पर रहे थे जबकि साबले जून में मोरक्को के रबात में पांचवें स्थान पर रहे थे। नीरज के लिए डायमंड लीग की जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनका मानना है कि डायमंड लीग का आयोजन प्रतिवर्ष होता है और डायमंड लीग मीट या महाद्वीपीय टूर जैसी प्रतियोगिताओं में एथलीटों को शानदार अवसर मिलता है, जो उन्हें अच्छा करने का मौका देती हैं। नीरज का मानना है कि हमें केवल ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल, विश्व चैंपियनशिप जैसे ऐसे खेल आयोजनों पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, जिन्हें दो या चार साल के अंतराल पर खेला जाता है बल्कि डायमंड लीग मीट या महाद्वीपीय टूर जैसी प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि इन प्रतियोगिताओं में विश्वस्तरीय एथलीट हिस्सा लेते है, जिससे प्रमुख टूर्नामेंटों के लिए अच्छी तैयारी करने में बड़ी मदद मिलती है। उनके मुताबिक डायमंड लीग जैसे टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने से भारतीय एथलेटिक्स को भी मदद मिलेगी।



## अगस्त में थोक मुद्रास्फीति कम होकर 12.41 प्रतिशत हुई

**- पिछले साल अगस्त में 11.64 फीसदी थी**

**नई दिल्ली ।** विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में नरमी होने से थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त में लगातार तीसरे महीने घटकर 12.41 प्रतिशत पर आ गई। खाद्य वस्तुओं के दामों में तेजी के बावजूद मुद्रास्फीति का आंकड़ा घटा है।थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने, जुलाई में 13.93 फीसदी थी। यह पिछले साल अगस्त में 11.64 फीसदी थी। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में लगातार तीसरे महीने गिरावट का रुख देखने को मिला है। इससे पहले पिछले साल अप्रैल से लगातार 17वें महीने में यह दहाई अंकों में रही।डब्ल्यूपीआई इस वर्ष मई में 15.88 फीसदी के रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। अगस्त में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति बढ़कर 12.37 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो जुलाई में 10.77 प्रतिशत थी। समीक्षाधीन महीने में सब्जियों के दाम जुलाई में घटकर 22.29 फीसदी पर आ गए, जो पिछले महीने 18.25 फीसदी पर थे। ईंधन और बिजली में महंगाई दर अगस्त में 33.67 फीसदी रही, जो इससे पिछले महीने 43.75 फीसदी थी। विनिर्मित उत्पादों और तिलहन की मुद्रास्फीति क्रमशः 7.51 प्रतिशत और नकारात्मक 13.48 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक मुख्य रूप से मौद्रिक नीति के जरिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखता है। खुदरा मुद्रास्फीति लगातार आठवें महीने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तय लक्ष्य से ऊपर रही। अगस्त में यह 7 प्रतिशत पर थी। महंगाई पर काबू पाने के लिए आरबीआई ने इस साल प्रमुख ब्याज दर को तीन बार बढ़ाकर 5.40 फीसदी कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने 2022-23 में खुदरा मुद्रास्फीति के 6.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है।

## अमेरिका में मुद्रास्फीति कम होने के आसार नहीं

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में मुद्रास्फीति कम होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे और इससे निपटने के लिए केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के आक्रामक कदम उठाने के अनुमान हैं। ऐसे में वित्तीय बाजार में निवेशकों की धारणा प्रभावित हो रही है और मंदी की आशंका बढ़ गई है। लंबे समय से मुद्रास्फीति का कारण रहे कुछ कारक मसलन गैस दाम, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आदि में नरमी आई है लेकिन कुछ अन्य कारण मुद्रास्फीति की स्थिति को और भी चिंताजनक बना रहे हैं। अब दाम नहीं बढ़ रहे क्योंकि वे पहले ही आसमान छू चुके हैं। बल्कि मुद्रास्फीति अब अर्थव्यवस्था में और व्यापक पैठ बना चुकी है और इसके पीछे वजह है मजबूत रोजगार बाजार। वेतन बढ़ने से कंपनियों को दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं ताकि उच्च श्रम लागत की पूर्ति की जा सके, वहीं इससे उपभोक्ताओं की खर्च करने की क्षमता भी बढ़ी है। मंगलवार को सरकार ने कहा था कि मुद्रास्फीति जुलाई से अगस्त के बीच 0.1 फीसदी और सालाना आधार पर 8.3 फीसदी बढ़ गई। हालांकि यह जून के चार दशक के उच्चतम स्तर 9.1 फीसदी से कम है। खाद्य और ऊर्जा जैसी अस्थिर श्रेणियों को छोड़ दें तो बुनियादी दाम भी अनुमान से कहीं अधिक तेजी से बढ़े हैं और ये जुलाई से अगस्त के बीच 0.6 फीसदी बढ़ गए। केंद्रीय बैंक बुनियादी दामों पर विशेष ध्यान देता है और हालिया आंकड़ों को देखते हुए कहा जा सकता है कि फेडरल रिजर्व और आक्रामक कदम उठा सकता है।



# बाजार में गिरावट के साथ निवेशकों को 76,196 करोड़ रुपये का नुकसान

**मुंबई,**

शेयर बाजार में बुधवार को आई गिरावट के साथ निवेशकों को 76,196.54 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। महंगाई को काबू में लाने के लिये आक्रामक तरीके से ब्याज दर बढ़ाये जाने की आशंका के बीच बाजार में बिकवाली हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 224.11 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,346.97 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले बाजार में लगातार चार दिन तक तेजी रही थी। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण यानी निवेशकों की संपत्ति 76,196.54 करोड़ रुपये घटकर 2,85,94,997.40 करोड़ रुपये पर आ गया। मंगलवार को बाजार पूंजीकरण 2,86,71,193.94 करोड़ रुपये था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुख के बीच घरेलू बाजार ने मजबूती दिखायी। उन्होंने कहा कि बाजार 1.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुला। लेकिन बाद में कारोबार के दौरान इसमें लगातार सुधार आया और अंत में मामूली 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।



## गूगल टीवी का एक नया वर्जन लांच करने की योजना में

**मुंबई ।** रिपोर्ट के मुताबिक गूगल क्रोमकास्ट विद गूगल टीवी का एक नया वर्जन लांच करने की योजना बना रही है। यह डिवाइस एचडी स्ट्रीमिंग की पेशकश करेगा और कीमत कम होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ हफ्ते पहले इस गूगल टीवी एचडी के साथ गीकबेंच पर देखा गया था। बता दें कि हाल ही में क्रोमकास्ट विद गूगल टीवी की लाइव इमेज और संभावित प्राइसिंग भी ऑनलाइन लीक हो गई थी। अब गूगल के अपकमिंग किफायती क्रोमकास्ट को सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर देखा गया है, जो डिवाइस के जल्द लांच करने की ओर इशारा करता है। क्रोमकास्ट की कीमत लगभग 2400 रुपये होगी। क्रोमकास्ट विद गूगल टीवी का नया सस्ता वर्जन ब्लूटूथ 5.0 सपोर्ट के साथ आएगा। नए क्रोमकास्ट की कीमत करीब 30 डॉलर या करीब 2,400 रुपये होने का अनुमान है। इस 6 अक्टूबर को गूगल द्वारा पिक्सल 7 सीरीज स्मार्टफोन और पिक्सल वॉच के साथ पेश किया जा सकता है। इसके स्टिक में एवी1 कोडेक कम्पैटिबलैटी शामिल होने की भी उम्मीद है। रॉयल्टी-फ्री कोडेक वीडियो की क्वालिटी खराब किए बिना बहुत कम बैंडविड्थ का उपयोग करते हुए कंटेंट के स्ट्रीमिंग की अनुमति देता है।

## देश का डेयरी बाजार वर्ष 2027 तक 30 लाख करोड़ होने का अनुमानः एनडीडीबी



**नई दिल्ली ।** दूध उत्पादन की मात्रा और मूल्य दोनों ही स्तर पर वृद्धि होने के कारण देश के डेयरी बाजार वर्ष 2027 तक दोगुना से अधिक बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपए तक होने का अनुमान है। एनडीडीबी के अध्यक्ष मीनेश शाह ने यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार असंवेदनशील नहीं है और यह अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करते समय आठ करोड़ डेयरी किसानों के हितों की रक्षा करेगी। शाह ने कहा कि भारतीय डेयरी बाजार का आकार वर्ष 2021 में 13 लाख करोड़ रुपए का था और इसके वर्ष 2027 तक 30 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष शाह 12-15 सितंबर के दौरान यहां इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन वर्ल्ड डेयरी समिट (आईडीएफ डब्ल्यूडीएस) 2022 में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। ब्रिटेन सहित कई देशों के साथ प्रस्तावित एफटीए से डेयरी क्षेत्र पर होने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि लगभग आठ करोड़ किसान डेयरी क्षेत्र से आय सृजित करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार संवेदनहीन नहीं है और ऐसा कोई निर्णय नहीं लेगी जो भारतीय डेयरी किसानों के लिए नुकसानदायक हो।

# महिंद्रा उतारेगी 5 नई इलेक्ट्रिक एसयूवी

**-कंपनी ईवी मार्केट में छा जाने की कर रही तैयारी**

**नई दिल्ली ।**



स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के कार्यकारी निदेशक (वाहन और कृषि क्षेत्र) राजेश जेजुरिकर ने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि घरेलू बाजार में फ्लीट और स्पोर्ट्स यूटिलिटी खंड बदलाव की अगुवाई करेगा और क्रमिक रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुझान बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ''हमारा आंतरिक शोध बताता है कि मौजूदा एसयूवी खरीदारों में से 25 प्रतिशत अपनी अगली खरीद के रूप में एक इलेक्ट्रिक एसयूवी खरीदने पर विचार करना चाहेंगे। शोध हमें यह भी बताता है कि अगले 2-3 वर्षों में हम इस तरह के बदलाव को देखेंगे।''उन्होंने कहा कि कंपनी को उम्मीद है कि अब से पांच साल बाद उसकी लगभग 20-30 प्रतिशत एसयूवी इलेक्ट्रिक होंगी। पर्यावरण के अनुकूल वाहनों पर बड़ा दांव लगाते हुए महिंद्रा पांच नए इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) लाने की तैयारी कर रही है, जिनमें से चार वाहन दिसंबर, 2024 से 2026 के बीच बाजार में आने की उम्मीद है। जेजुरिकर ने कहा कि घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक कारों की शुरुआत उन घरों से होगी, जहां पहले ही कई कारें हैं। इसके अलावा फ्लीट डिवीजन (जहां बहुत सारी कारों की आवश्यकता हो, मसलन कैब सर्विस) बहुत तेजी से इलेक्ट्रिक की ओर बढ़ेगा, क्योंकि यह उनके आर्थिक हित में है।उन्होंने कहा कि पर्सनल कार के मामले में इलेक्ट्रिक हैचबैक और सिडान की मांग धीमी रहेगी, क्योंकि ग्राहक पर्याप्त चार्जिंग अवसंरचना के अभाव में परिवार में एकमात्र कार के लिए अधिक कीमत का भुगतान नहीं करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि एसयूवी खंड में चाहे शुरुआत स्तर की गाड़ियां हो या मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक गाड़ियां, उन्हें बहुत तेजी से अपनाया जाएगा। उन्होंने इसके पीछे की वजह को लेकर कहा कि एसयूवी आमतौर पर उन घरों का हिस्सा होती है जिनके पास एक से अधिक कार होती हैं। कंपनी अपनी उत्पादन योजनाओं को मजबूत करते हुए नए उत्पादों की पेशकश को तैयार है। इसके साथ ही कंपनी ने कहा कि वह अगले कुछ वर्षों में देश में इलेक्ट्रिक वाहन की वृद्धि को लेकर ''अत्यधिक आशावादी'' है और इसमें निवेश करने की तैयारी कर रही है।

# अडानी और बेजोस की आय में बड़ी गिरावट

**- अडानी की नेटवर्थ बढ़कर 1.58 अरब डॉलर और बेजोस की 150 अरब डॉलर**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में मंगलवार को आई भारी गिरावट से एलन मस्क और जेफ बेजोस को तगड़ा झटका लगा। दुनिया के सबसे बड़े रईस और इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के सीईओ मस्क की नेटवर्थ में 8.35 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 256 अरब डॉलर रह गई है। इसी तरह ऐमजॉन के फाउंडर बेजोस की नेटवर्थ 9.84 अरब डॉलर कम होकर 150 अरब डॉलर रह गई। दूसरी ओर एशिया और भारत के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की नेटवर्थ मंगलवार को 1.58 अरब डॉलर की तेजी आई और यह 147 अरब डॉलर पहुंच गई। इस तरह अडानी अब बेजोस को नंबर दो की कुर्सी से उतारने के करीब पहुंच गए हैं। दोनों की नेटवर्थ में अब केवल तीन अरब डॉलर का अंतर रह गया है। अडानी दुनिया के अमीरों की सूची में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वह फरवरी में मुकेश अंबानी को पछाड़कर एशिया के सबसे बड़े रईस बने थे। अप्रैल में उनकी नेटवर्थ 100 अरब डॉलर को पार कर गई और पिछले महीने वह माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स को पछाड़कर दुनिया के अमीरों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंचे थे। हाल में वह फ्रांस के दिग्गज कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। अब वह बेजोस के काफी करीब पहुंच गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक 60 साल के अडानी की नेटवर्थ 147 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल अडानी की नेटवर्थ में 70.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। ऑयल और नेचुरल गैस की कीमतों में उछाल से अडानी की नेटवर्थ में उछाल आई है।

दूसरी ओर मस्क और बेजोस की नेटवर्थ में इस साल गिरावट आई है। मस्क की नेटवर्थ 13.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है जबकि बेजोस की नेटवर्थ 42.2 अरब डॉलर घटी है। इस बीच देश की रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 93.7 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। अडानी ग्रुप के कुछ शेयरों में अप्रैल 2020 से 1000 फीसदी तक तेजी आई है। इसकी बदौलत अडानी की नेटवर्थ रॉकेट की स्पीड से बढ़ी है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंचने वाले एशिया के पहले शख्स हैं। अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी टोटल गैस 750 गुना से अधिक मुनाफे में हैं। जबकि अडानी एंटरप्राइजेज और अडानी ट्रांसमिशन का पूंजीकरण 400 गुना बढ़ा है। इसकी तुलना में मस्क की टेस्ला और बेजोस की ऐमजॉन का प्राइस टु अर्निंग रेश्यो करीब 100 गुना है जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज 28 गुना पर कारोबार कर रही है।

## उबर ने टैक्स और जुर्माने के रूप में चुकाए 8 अरब




**नई दिल्ली ।** सरकार के ऑडिट में उबर की हेराफेरी पकड़ी गई। कंपनी को बैक टैक्स और जुर्माने के रूप में 7,94,73,55,900 रुपए सरकारी खजाने में जमा कराने पड़े हैं। यह मामला अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य का है। उबर ने 2014 से 2018 के बीच ड्राइवरों को स्वतंत्र कांट्रेक्टर बताकर टैक्स बचाया और ड्राइवरों को दी जाने वाली वित्तीय सुविधा भी नहीं दी। कंपनी का कहना था कि ड्राइवर उसके कर्मचारी नहीं हैं लेकिन सरकार ने उसकी यह दलील नहीं मानी और कंपनी को टैक्स चुकाने के लिए जिम्मेदार माना। एक रिपोर्ट के अनुसार न्यू जर्सी के श्रम विभाग का कहना है कि कंपनी के इस कदम से उबर के ड्राइवरों ने न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम वेतन, बेरोजगारी बीमा, अर्जित बीमारी अवकाश, पारिवारिक अवकाश और अन्य लाभों के अधिकार खो दिए। अटॉर्नी जनरल मैट प्लेटकिन का कहना है कि कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों का गलत वर्गीकरण करना सहन नहीं किया जाएगा। कंपनियां कर्मचारियों को मिसक्लासीफाई करके कर्मचारी को दिए जाने वाले जरूरी लाभों और कर्मचारियों की भलाई के लिए चलाई जा रही योजनाओं में योगदान देने से बच नहीं सकतीं।

# एलन मस्क तोड़ रहे सौदा तो ट्विटर के शेयरधारकों ने किया 44 अरब डॉलर के प्रस्ताव का समर्थन

**– ट्विटर ने मस्क पर सौदा पूरा करने के लिए मुकदमा दायर किया हुआ है**

**नई दिल्ली।** ट्विटर के शेयरधारकों ने 44 अरब डॉलर में इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को खरीदने की एलन मस्क की बिड का समर्थन किया है। ट्विटर ने कहा कि प्रारंभिक गणना से शेयरधारकों के इस फैसले का पता लगा है। ट्विटर के शेयरधारकों ने मस्क के प्रस्ताव का समर्थन किया है, भले ही मस्क इस सौदे से पीछे हट रहे हों। यह बात कुछ मिनटों तक चली शेयरधारकों की एक बैठक के दौरान सामने आई। इस बैठक में अधिकांश वोट ऑनलाइन डाले गए थे। बता दें कि ट्विटर ने मस्क पर सौदा पूरा करने के लिए मुकदमा दायर किया हुआ है। अक्टूबर में इसका ट्रायल होगा। ट्विटर का कहना है कि मस्क ने बिना किसी मुद्दे के डील को रद्द किया है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क ने अप्रैल में ट्विटर के साथ 54.20 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से लगभग 44 अरब डॉलर में डील रखी थी। मस्क के इस प्रस्ताव के कुछ दिन बाद उनका ट्विटर के साथ गतिरोध शुरू हो गया। एलन मस्क ने ट्विटर पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ट्विटर ने उन्हें कारोबार के संबंध में भ्रामक जानकारी दी थीं। मस्क ने कहा था कि जब उन्होंने ट्विटर से फेक अकाउंट्स की डिटेल्स मांगी, तो ट्विटर ने इससे इनकार कर दिया। एलन मस्क ने इसके बाद डील कैंसिल कर दी। हाल ही में मस्क ने ट्विटर डील तोड़ने के पीछे एक और बड़ा कारण बताया था। उन्होंने कहा कि ट्विटर का व्हिसल ब्लोअर को पेमेंट डील को तोड़ने का बड़ा कारण है। मस्क ने कहा कि ट्विटर का एक पूर्व कर्मचारी जो व्हिसल ब्लोअर बन गया था, उसे लाखों डॉलर का भुगतान किया था। यह एक बड़ा कारण था, जिसके चलते मस्क ने ट्विटर को खरीदने की 44 अरब डॉलर की डील को रद्द कर दिया। मस्क का यह बयान वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के बाद आया था। इस रिपोर्ट में कहा गया कि ट्विटर ने एक विवाद के निपटारे के लिए व्हिसल ब्लोअर को सात मिलियन डॉलर भुगतान करने का फैसला लिया। ट्विटर को लिखे एक पत्र में एलन मस्क के वकीलों ने कहा कि पीटर जटको (व्हिसलब्लोअर) और उनके वकीलों को 7.75 मिलियन डॉलर का भुगतान करने से पहले ट्विटर ने उनकी सहमति नहीं ली।

# इरडा ने स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए रिटर्न की संख्या घटाई

**नई दिल्ली ।**

बीमा नियामक इरडा ने बीमाकर्ताओं के लिए अनुपालन बोझ को कम करने के लिए स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए दाखिल किए जाने वाले रिटर्न की संख्या को घटा दिया। इस तरह नियामक ने एक साल में दाखिल किए जाने वाले रिटर्न मानदंड को युक्तिसंगत बनाया है। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने कहा कि इस कदम से बीमा कंपनियों के लिए कारोबार करने में आसानी होगी। नियामक ने कहा कि वह सभी विनियमित संस्थाओं के लिए अनुपालन बोझ को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इरडा ने एक परिपत्र में कहा कि इस फैसले से बीमा कंपनियों द्वारा दाखिल किए जाने वाले स्वास्थ्य बीमा रिटर्न में काफी कमी आई है। परिपत्र के मुताबिक अब सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को आठ रिटर्न दाखिल करने होंगे और जीवन बीमाकर्ता 17 रिटर्न के स्थान पर तीन रिटर्न दाखिल करेंगे। इरडा से कहा कि इस फैसले से बीमाकर्ताओं को अनुपालन की अधिकता की जगह अपने व्यवसाय पर ध्यान देने में मदद मिलेगी।




## बीवायडी इंडिया नईदिल्ली में खोलेगी पहला शोरुम

**राजधानी की सड़कों पर भी नजर आएंगी इलेक्ट्रिक कारें**

**नई दिल्ली ।**

भारत में यात्री वाहन उपलब्ध कराने बीवायडी इंडिया नई दिल्ली में अपना पहला शोरूम खोलने जा रही है। लैंडमार्क बीवायडी राजधानी में खरीदारों को बीवायडी के इलेक्ट्रिक वाहनों तक पहुंच प्रदान करेगा। शोरूम का प्रबंधन लैंडमार्क बीवायडी द्वारा किया जाएगा और यह भारतीय बाजार में चौथी बीवायडी डीलरशिप है।

शोरूम का उद्घाटन ग्रुप लैंडमार्क की प्रबंध निदेशक गरिमा मिश्रा, ग्रुप लैंडमार्क के निदेशक राजीव वोहरा और बीवाईडी इंडिया के इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल डिवीजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय गोपालकृष्णन ने बीवाईडी इंडिया और लैंडमार्क बीवाईडी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। बीवाईडी इंडिया के इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट संजय गोपालकृष्णन ने कहा, ÷नई दिल्ली एनसीआर क्षेत्र बीवाईडी इंडिया के लिए प्रमुख बाजारों में से एक है। नई दिल्ली में प्रीमियम यात्री वाहनों की अपार संभावनाएं हैं और 2024 तक शहर भर में अतिरिक्त 18,000 चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है।

शहर के अंदर प्रत्येक 15 इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक चार्जिंग स्टेशन बनाने का लक्ष्य है। यह ईवी उद्योग के लिए एक बड़ा बढ़ावा है और हम दृढ़ता से मानते हैं कि ई-पीवी सेगमेंट में ईवी अपनाने में बीवाईडी मुख्य योगदानकर्ता होगा। गौरतलब है कि भारत सरकार 2030 तक पर्सनल व्हीकल सेगमेंट में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों को इंड्यूस करने का लक्ष्य बना रही है जिसका उद्देश्य 2070 तक जीरो कार्बन एमिशन के लक्ष्य को हासिल करना है। ओखला इंडस्ट्रियल हब में खुले इस शोरूम में प्रशिक्षित तकनीशियन, सर्विस उपकरण, सर्विस बे, ईवी चार्जिंग स्टेशन, एक ग्राहक लाउंज क्षेत्र और एक शोरूम डिस्प्ले फ्लोर की सुविधा होगी।

यह इलाका दक्षिणी दिल्ली में फरीदाबाद (हरियाणा) और नोएडा (उत्तर प्रदेश) की सीमा से सटा हुआ जिसकी वजह से इन इलाकों के ग्राहकों तक भी बीवाईडी की पहुंच होगी। लैंडमार्क ग्रुप के अध्यक्ष और संस्थापक संजय ठक्कर ने कहा 'जब भारत भर में प्रमुख प्रीमियम और लग्जरी ब्रांड्स की बात आती है तो लैंडमार्क गो-टू पार्टनर होता है। दुनिया के अग्रणी एनईवी निर्माता बीवाईडी के साथ साझेदारी इस स्थिति को और मजबूत करती है।

## चीता पुनर्वास परियोजना के लिए पांच साल में 50 करोड़ रुपये देगी आईओसी

**नई दिल्ली ।**




देश की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) अफ्रीका से भारत में चीतों के महत्वाकांक्षी पुनर्वास के लिए 50.22 करोड़ रुपये देगी। कंपनी ने इसकी जानकारी दी। आईओसी ने 75 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के दो-तिहाई हिस्से को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के साथ एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आईओसी ने कहा कि एनटीसीए के तत्वावधान में आईओसी द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी 'चीता पुनर्वास परियोजना' सात दशक के बाद 17 सितंबर को भारतीय जमीन पर पहले चीते का स्वागत करने के लिए तैयार है। आईओसी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के माध्यम से 'चीता परियोजना' का समर्थन करने वाली पहली और एकमात्र कॉरपोरेट है। इस परियोजना के तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 15-20 चीते मध्यप्रदेश के 'कुनो नेशनल पार्क' में लाए जाएंगे। आईओसी चीतों के पुनर्वास के साथ-साथ इनके रहने के ठिकाने के प्रबंधन, संरक्षण, पारिस्थितिकी विकास, कर्मचारी प्रशिक्षण और पशु चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल के लिए पांच साल में 50.22 करोड़ रुपये देगी। आईओसी ने दो अगस्त को कहा था कि उसने भारत में चीतों के स्थानांतरण के लिए एनटीसीए के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर आईओसी के चेयरमैन एस एम वैद्य और एनटीसीए के महानिदेशक (चीता परियोजना) और सदस्य सचिव एस पी यादव ने हस्ताक्षर किए। भारत में चीतों की आबादी 19वीं शताब्दी के दौरान घट गई। इसका कारण स्थानीय राजाओं और ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा चीतों का शिकार करना था। वर्ष 1948 में अंतिम तीन एशियाई चीतों का शिकार किया गया और 1952 में चीता को देश में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## रोनाल्डो के मैनचेस्टर में ही बने रहने की उम्मीद



**लंदन ।** पुर्तगाल के कप्तान और मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने एक बड़ा प्रस्ताव दिया है। इसमें उन्हें दो वर्षों के लिए 233.23 मिलियन पाउंड की रकम देने की बात कही है। रोनाल्डो का मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ अगली गर्मियों तक के लिए करार है। उन्होंने क्लब से कहा है कि वह नए सत्र से पहले क्लब छोड़ना चाहते हैं पर रोनाल्डो के सऊदी अरब के क्लब में जाने की संभावनाएं नहीं हैं। इसका कारण यह है कि वह अगले सत्र में भी चैंपियंस लीग में खेलना चाहते हैं। जहां चेल्सी क्लब ने रोनाल्डो से करार में रुचि नहीं दिखायी है। वहीं एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लब अभी भी उनको शामिल करने के लिए उत्साहित हैं। वहीं यूनाइटेड का अब भी कहना है कि रोनाल्डो बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के नए प्रबंधक एरिक टेन हैग ने कहा है कि आने वाले सत्र के लिए यह अनुभवी फॉरवर्ड उनकी योजनाओं का अहम हिस्सा है। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था, हम इस सत्र के लिए रोनाल्डो के साथ योजना बना रहे हैं। मैं आगे भी उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

# भारतीय महिला टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया

### मंधाना ने बनाये नाबाद 79 रन



**डर्बी।**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड को 8 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की जीत में अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की अहम भूमिका रही। मंधाना ने नाबाद अर्धशतक 79 रनों की पारी खेली। डर्बी क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाये। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 143 रनों का लक्ष्य मिला। इसे भारतीय टीम ने दो विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने चौथे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी कर भारतीय टीम को जीत दिलायी। मंधाना ने जहां 79 रन बनाये। वहीं हरमनप्रीत ने भी नाबाद 29 रन बनाये। वहीं शेफाली वर्मा 20 रन बनाकर आउट हुईं जबकि तीसरे नंबर पर उतरीं दयालन हेमलता 9 रन ही बना पायीं। इस मुकाबले में इंग्लैंड की कप्तान एमी जोन्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की। मेजबान टीम ने शुरुआत में ही ओपनर सोफिया डंकले का विकेट खो दिया। गईं. इसके बाद तीसरे ही ओवर में रेणुका सिंह ने डैनी वॉट को 6 रन पर ही पेवेलियन भेज दिया। एलिस कैप्सी भी 4 रन बनाकर आउट हो गयीं। 16 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद ब्रायोनी स्मिथ ने 16 और कप्तान जोन्स ने 17 रन बनाकर टीम को संभाला इंग्लैंड की आधी टीम 54 रनों पर ही आउट हो गयी। फ्रेया केम्प और माइया बाउचियर ने छठे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बाउचियर ने 34 रनों की पारी खेली। वहीं फ्रेया ने नाबाद 51 रन बनाये। सोफी 7 रन बनाकर नाबाद रहीं. भारत की ओर से स्नेह राणा ने तीन विकेट जबकि रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

## बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में लक्ष्य और सिंधु शीर्ष दस में शामिल भारतीय खिलाड़ी



**नई दिल्ली ।**

भारत के लक्ष्य सेन विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) रैंकिंग में चौथे स्थान पर आये हैं। वह शीर्ष दस में शामिल एकमात्र भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। लक्ष्य के अलावा पुरुष वर्ग में एच एस प्रणय दो स्थान के लाभ के साथ ही 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप और जापान ओपन सुपर 750 क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। उनके अभी 64,330 अंक हो गए हैं। वहीं किदाम्बी श्रीकांत भी दो स्थान के लाभ से 12वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं दूसरी ओर फिट नहीं होने के कारण विश्व चैम्पियनशिप और जापान ओपन से बाहर रही शीर्ष महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु भी एक पायदान ऊपर आकर सातवें स्थान पर पहुंच गईं हैं। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने तीन स्थान के लाभ के साथ ही शीर्ष 30 में स्थान बनाया है। पुरूष युगल में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं। इसके अलावा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी एक स्थान के नुकसान से महिला युगल रैंकिंग में 28वें स्थान पर खिसक गयी हैं।




## एसएल नारायनन बने एमपीएल इंडियन चैस टूर के विजेता

**नई दिल्ली ( निकलेश जैन )** चैम्पियन चैस टूर में जगह बनाने के लिए आयोजित हुए एमपीएल इंडियन चैस टूर में अंतिम समय तक ग्रांड मास्टर अरविंद चितांबरम और एसएल नारायनन में रोचक जंग देखने को मिली जिसमें अंत में बेहतर टाईब्रेक के कारण एसएल नारायनन यह खिताब जीतने में सफल रहे । कुल 15 राउंड के बाद दोनों खिलाड़ी 28 अंक बना सके थे तो इस स्थिति में विजेता का फैसला व्यक्तिगत स्कोर के आधार पर किया जाना था और चूकी दोनों के बीच हुए मुक़ाबले को नारायनन नें जीता था वही विजेता बनने में कामयाब रहे और अरविंद को उपविजेता के स्थान से संतोष करना पड़ा । अन्य खिलाड़ियों में 25 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर अधिबन भास्करन तीसरे तो मित्रभा गुहा चौंथे स्थान पर रहे । 24 अंक बनाकर टॉप सीड विदित गुजराती पांचवें तो निहाल सरीन छठे स्थान पर रहे । इस जीत के साथ एसएल नारायनन को आगमी चैम्पियन चैस टूर में विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन समेत दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों से खेलने का मौका मिलेगा ।

# विराट ने आईसीसी रैंकिंग में लगायी लंबी छलांग


### सूर्यकुमार और भुवनेश्वर शीर्ष दस में एकमात्र भारतीय



**दुबई।**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग में लंबी छलांग लगायी है। आईसीसी की बुधवार को जारी रैंकिंग में विराट को एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है और वह 14 पायदान ऊपर आकर 15वें स्थान पर पहुंच गये हैं। इस प्रकार विराट ने 14 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा है। उन्होंने हाल में समाप्त हुए टी20 एशिया कप में एक शतक और 2 अर्धशतक लगाये थे। वहीं शीर्ष दस की बात करें तो बल्लेबाजी में सूर्यकुमार यादव और गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ही दो भारतीय खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी में सूर्या चौथे नंबर पर बने हुए हैं जबकि गेंदबाजी में भुवनेश्वर चार स्थान के लाभ के साथ ही सातवें स्थान पर पहुंच गये हैं। भुवनेश्वर ने एशिया कप में सबसे अधिक 11 विकेट लिए थे। गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया के जोस हेजलवुड शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं एशिया कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा को भी दोहरी सफलता मिली है। वह गेंदबाजी और ऑलराउंडर दोनो की ही रैंकिंग में ऊपर आए हैं। हसारंगा ने एशिया कप मुकाबले में 3 विकेट विकेट लेने के साथ ही 36 रन भी बनाए थे। हसारंगा गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर आ गए हैं। वहीं ऑलराउंडर्स की सूची में सात स्थान ऊपर आकर चौथे स्थान पर कायम हैं। वहीं बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम को नुकसान हुआ है। आजम एशिया कप में रन नहीं बना पाये थे। इससे वह नंबर एक से फिसलकर तीसरे नंबर पर आ गये हैं। पाक के ही मोहम्मद रिजवान पहले की तरह नंबर-1 पर बने हुए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव पहले की तरह ही नंबर-4 पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान 5वें, ऑस्ट्रेलिया के एरॉन फिंच छठे, न्यूजीलैंड के डेवॉन कॉनवे 7वें, श्रीलंका के पथुम निसांका 8वें, यूएई के मोहम्मद वसीम 9वें और दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिग्स 10वें नंबर पर हैं। अन्य भारतीयों की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा 14वें, ईशान किशन 22वें और केएल राहुल 23वें स्थान पर बने हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### ऋतु ने टिफनी की चुनौती स्वीकार की


**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला एमएमए फाइटर ऋतु फोगाट ने कहा है कि 29 सितंबर से एमएमए वन चैंपियनशिप में वह सिंगापुर की टिफनी टियो से मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऋतु ने कहा कि उन्हें टिफनी की चुनौती तैयार है। वह इसी मुकाबले के लिए ही नहीं एमएमए में आगे भी मुकाबलों के लिए तैयार हैं। ऋतु ने कहा, मैं जल्दी ही बेल्ट लाकर दूंगी। भारत को जल्दी ही पहली महिला एमएमए विश्व चैंपियन मिलेगी।' ऋतु करीब 9 माह बाद रिंग में वापसी कर रही हैं। उन्होंने चोट से वापसी के लिए कड़ी मेहनत भी की है। टिफनी से एटमवेट मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स कैटेगरी में होने वाले मुकाबले के लिए ऋतु नए कोच एडम शार्यन की निगरानी में सिंगापुर में प्रशिक्षण ले रही हैं। दोनो के बीच यह मुकाबला सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में होगा। ऋतु ने कहा कि वह वापसी को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि वह ना सिर्फ इस मुकाबले में जीत के लिए आशान्वित हैं। बल्कि देशवासियों को यह भरोसा भी दिलाना चाहती हैं कि भारत को जल्दी ही पहली महिला एमएमए विश्व चैंपियन मिलेगी। ऋतु एमएमए फाइटर बनने से पहले पहलवान रही हैं। ऋतु ने राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

### पूर्व क्रिकेटर बोला , मुख्य चयनकर्ता वसीम को बाहर करें

**लाहौर ।** पाकिस्तान के एक पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सादिक मोहम्मद ने कहा है कि एशिया कप में टीम की हार के लिए मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को बर्खास्त कर देना चाहिये। सादिक ने कहा, इस चयन समिति को बदलने का यह समय आ गया है। वसीम को तो बाहर कर ही देना चाहिये। वह एक बेहतर टीम बनाने में नाकाम रहे हैं। पाक टीम की बल्लेबाजी पर इस पूर्व क्रिकेटर ने चिंता जताते हुए कहा कि टीम के पास केवल दो अच्छे बल्लेबाज कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं। उन्होंने कहा कि बाकी सिर्फ नारे लगाने वाले थे। सादिक ने टीम चयन पर सवाल उठाते हुए कहा, ऐसा लगता है कि आसिफ और इफ्तिखार हमारे मुख्य चयनकर्ता के पसंदीदा खिलाड़ी हैं। उन्हें खराब प्रदर्शन के बाद भी सभी दौरों के लिए टीम में रखा गया है, हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। मुझे लगता है कि उन्हें अब बाहर किया जाना चाहिये। ये दोनों ही बल्लेबाज क्लब स्तर के हैं और इन्हें घरेलू क्षेत्रीय टीमों में भी जगह नहीं मिलनी चाहिये। इनके कारण योग्य युवाओं को जगह नहीं मिल पा रही है। इन पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अच्छी तकनीक वाले बल्लेबाज ही पाक टीम को लक्ष्य हासिल करने में मदद कर सकते हैं, जिस तरह से अतीत में मोहम्मद यूसुफ, इंजमाम-उल-हक, जावेद मियांदाद, जहीर अब्बास और आसिफ इकबाल करते थे। साथ ही यह भी कहा कि टीम को मध्यक्रम में ठोस बल्लेबाजों की बेहद जरूरत है। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी कोच मोहम्मद युसूफ बता रहे होंगे कि कैसे खेलना है पर वर्तमान समय के मध्यक्रम के बल्लेबाजों में लगता है खेल की रणनीति सीखने का बिलकुल भी मन नहीं है। वहीं बल्लेबाज फखर जमां को लेकर कहा कि जमां एक सलामी बल्लेबाज के रूप में बेहतर हो सकते थे।

## श्रीलंका लीजेंड्स ने इंग्लैंड लीजेंड्स को 7 विकेट से हराया

### जयसूर्या ने लिए सात विकेट



**कानपुर ।**


सनथ जयसूर्या की घातक गेंदबाजी की सहायता से श्रीलंका लीजेंड्स ने यहां रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के दूसरे ही मैच में इंग्लैंड लीजेंड्स को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ही श्रीलंका लीजेंड्स ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही श्रीलंका लीजेंड्स की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है जबकि इंडिया लीजेंड्स दूसरे स्थान पर फिसल गयी है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम ने 19 ओवर में 78 रन बनाये। वहीं श्रीलंका की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जयसूर्या ने 4 विकेट लिए। इसके बाद श्रीलंका लीजेंड्स ने लक्ष्य को 14.3 ओवरों में ही तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस मामले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की ओर से कप्तान तिलकरत्ने दिलशान और दिलशान मुनावीरा ने अच्छी शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 24 रन बनाये। दिलशान 15 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मुनावीरा 24 और उपुल थरंगा ने 23 रन बनाये। जीवन मेंडिस ने 8 रन बनाये जबकि चमारा सिल्वा खाता भी नहीं खोल पाये।

वहीं इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज बल्लेबाज फिल मस्टर्ड और कप्तान इयान बेल ने पहले विकेट के लिए 25 रन बनाये। मस्टर्ड 14 और बेल 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जयसूर्या ने किसी भी बल्लेबाज को खेलने का अवसर नहीं दिया। जयसूर्या ने 4 ओवर में केवल 3 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं श्रीलंका की ओर से नुवान कुलसेकरा और चतुरंगा डिसिल्वा ने 2-2 विकेट लिए।

## स्टार्क, स्टोइनिस और मार्श के बिना भारत दौरे पर पहुंचेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**मेलबर्न ।** भारत दौरे से पहले ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा है। उसके तीन खिलाड़ी फिट नहीं होने के कारण इस दौरे से बाहर हो गये हैं। इससे अगले माह होने वाले विश्व कप के लिए भी टीम की तैयारियों को झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और मिचेल मार्श ने भारत दौरे से अपना नाम वापस ले लिया है। इन तीनो की जगह नाथन एलिस, डेनियल सैम्स और सीन एबॉट को शामिल किया गया है। टिम डेविड भी इस दौरे से पदार्पण कर सकते हैं। वहीं स्टीव स्मिथ को नंबर-3 पर मौका मिल सकता है। बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने परिवार के साथ समय बिताने के कारण पहले ही इस दौरे से नाम वापस ले लिया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिन में 3 टी20 मुकाबले होंगे। दोनो ही टीमों के बीच सीरीज की शुरुआत 20 सितंबर को मोहाली में मुकाबले से होगी।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है : ऑस्ट्रेलिया:** एरॉन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एस्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोस हेजलवुड, जोस इंग्लिश, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्ड्सन, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड और एडम जंपा।



### विराट को संन्यास की सलाह देकर फंसे शाहिद अफरीदी



**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को संन्यास की सलाह दी है। अफरीदी ने विराट से कहा कि उन्हें टीम से बाहर किये जाने से पहले ही स्वयं खेल को अलविदा कर देना चाहिये। इस पर भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा ने अफरीदी को करार जवाब दिया है। मिश्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, डियर अफरीदी , कुछ लोग केवल एक बार ही संन्यास लेते हैं, इसलिए कृपया विराट कोहली को छोड़ दें। इस प्रकार मिश्रा ने एक प्रकार से अफरीदी पर निशाना साधा है। अफरीदी ने अपने करियर में दो बार संन्यास लिया था। पहली बार उन्होंने फरवरी 2017 में ऐसा किया। इसके बाद अप्रैल 2018 में भ वापसी की थी। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सितंबर 2016 में कहा था कि वे चाहते हैं कि अफरीदी रिटायर हो जाएं। पर इसके बाद उनका बोर्ड से मतभेद भी हुआ था.

## सचिन बनाम लारा : एक बार फिर रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में होंगे आमने-सामने




**(एजेंसी)**

रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 के तहत दुनिया के मशहूर बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा एक बार फिर से आमने-सामने होंगे। यह दोनों दिग्गज बुधवार को इंडिया लीजेंड्स और वेस्टइंडीज लीजेंड्स के मैच में एक्शन में नजर आएंगे। वेस्टइंडीज लीजेंड्स ने बांग्लादेश को हराकर टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत की थी। वही, इंडियन लीजेंड्स ने पहले ही मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स को हराया था। सचिन तेंदुलकर की अगुवाई में इंडिया लीजेंड्स दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स पर भारी रहे थे। इंडिया ने ऑलराउंडर स्टुअर्ट बिन्नी के महज 42 गेंदों में 82 रनों की बदौलत 218 रन बनाए थे। बाद में मुनाफ पटेल और प्रज्ञान ओझा ने कसी हुई गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया था। वेस्टइंडीज ने भी अपने मुकाबले में बांग्लादेश को रौंदा था। लेकिन भारत उनके लिए बड़ी चुनौती हो सकता है।

**यहां देख सकते हैं लाइव स्ट्रीमिंग विवरण**

इंडिया लीजेंड्स बनाम वेस्टइंडीज लीजेंड्स मैच का सीधा प्रसारण स्पोर्ट्स 18, रिस्टी सिनेप्लेक्स और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट पर होगा। वूट ऐप पर लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध होगी।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11**

**इंडिया लीजेंड्स :** नमन ओझा, सचिन तेंदुलकर, सुरेश रैना, स्टुअर्ट बिन्नी, युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफान पठान, गोनी, मुनाफ पटेल, राहुल शर्मा, प्रज्ञान ओझा

**वेस्टइंडीज लीजेंड्स :** ड्वेन स्मिथ, डी मोहम्मद, देवनारिन, के एडवर्ड्स, डी हयात, डब्ल्यू पर्किन्स, सुलेमान बेन, देवेंद्र बिशू, मार्लन ब्लैक, क्रिशमार सैंटोकी, डैरेन पॉवेल

## एकदिवसीय टीम के लिए नये कप्तान की तलाश कर रहा ऑस्ट्रेलिया

**सिडनी ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अब एकदिवसीय टीम के लिए नये कप्तान की खोज कर रहा है। ऐसे में अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर भी अपनी दावेदारी पेश करना चाहते हैं। इसके लिए वह उनकी कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने का अनुरोध भी सीए से करेंगे। इससे पहले फिंच ने खराब फॉर्म के कारण एकदिवसीय क्रिकेट की कप्तानी छोड़ दी थी। एकदिवसीय विश्वकप अगले साल भारत में होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनके लिए तीनों प्रारुपों की कप्तानी संभालना संभव नहीं है क्योंकि उन्हें तेज गेंदबाज के रूप में अपना कार्यभार प्रबंधन भी करना है। ऐसे में एकदिवसीय टीम की कप्तानी के लिए वॉर्नर, पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी दावेदार हैं क्योंकि कमिंस कप्तानी संभालने के पक्ष में नहीं हैं। कमिंस ने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर आप सभी प्रारूपों और हर मैच में खेलने जा रहे थे, तो मुझे नहीं लगता कि यह सही होगा।' उन्होंने साथ ही कहा, 'खास तौर पर एक तेज गेंदबाज के तौर पर मुझे लगता है कि आपको आराम करने के लिए कुछ समय निकालने की जरूरत है पर मुझे लगता है कि आप इसका भी प्रबंधन कर सकते हैं।' कमिंस ने कहा, 'यह ऐसा कुछ नहीं है जिसके बारे में मैंने वास्तव में सोचा है। मैं टेस्ट टीम की कप्तानी करके वास्तव में खुश हूं। कमिंस ने हाल ही में सीए से दक्षिण अफ्रीका में 2018 टेस्ट श्रृंखला के दौरान गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण में शामिल होने के लिए बल्लेबाज वॉर्नर पर लगे प्रतिबंध को हटाने का आग्रह भी किया था।



# नदी पर बनाया जाता है बर्फ का होटल, दूर-दूर से ठहरने आते हैं पर्यटक!

**दुनियाभर में कई तरह के घुमक्कड़ होते हैं जो तरह-तरह की जगह जाना पसंद करते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें अजीबो-गरीब होटल देखना या वहां ठहरना भी पसंद होता है। अगर आप भी कुछ ऐसा ही शौक रखते हैं तो आज हम आपको एक ऐसे ही अजीबो-गरीब होटल के बारे में बताने जा रहे हैं जो पूरी दुनिया में अपनी खासियत के लिए मशूहर है।**

कुछ अलग दिखने की सूची में स्वीडन में मौजूद आइस होटल शमिल है। ये अपने हटके प्रस्तुति के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काफी पुराना होने के बावजूद भी ये होटल अपने कलाकारी के लिए लोगों के बीच आकर्षित है। यहां हर साल कलाकार अलग-अलग कलाकारियां करते हैं। आइए आपको आइस होटल की अन्य खासियत के बारे में बताते हैं, जो आपको हैरान कर सकती हैं...



## नदी पर बना हुआ होटल

स्वीडन के टॉर्न नदी के ऊपर आइस होटल बना हुआ है। ये होटल पूरी तरह से बर्फ का बना हुआ होता है। इसकी खासियत है कि ये पिघलकर नदी का रूप ले लेता है। तय समय तक ये आइस होटल रहता है और फिर हर साल इसे बनाया जाता है। हर साल ये अलग-अलग आकर और कलाकारियों के साथ बनाया जाता है। जिसे देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। यहां ठहरने के लिए पर्यटकों को 1 साल पहले ही बुकिंग करनी होती है।

## अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है होटल

जब तक मौसम ठंडा और बर्फदार रहता है तब तक ये होटल अपने ठोस आकार में नदी पर मौजूद रहता है। वहीं, तापमान गर्म होने पर ये पिघलकर पानी में बदल जाता है। इसे हर साल नए-नए डिजाइन में बनाया जाता है। यहां आकार दुनियाभर के कलाकार अपनी कलाकारियां दिखाते हैं।

## काफी कम तापमान के होते हैं कमरे


सोलर पॉवर कूलिंग की मदद से होटल के कमरों को बनाया जाता है। यहां ज्यादातर लाइट्स या अन्य उपकरणों को सौर ऊर्जा से ही चलाया जाता है। ये होटल इकोफ्रेंडली होने के कारण लोगों के लिए पहली पसंद में से एक है। यहां के कमरों का तापमान काफी कम होता है। बर्फ की मोटी-मोटी परत को काटकर कमरा बनाया जाता है। गर्मी आने तक ये होटल बर्फ के तौर पर रहता है और फिर अप्रैल के बाद पिघलना शुरु हो जाता है।

## बर्फ के सेरेमनी हॉल और रेस्त्रां भी मौजूद

साल 1992 में पहली बार ये होटल खोला गया था। यहां मौजूद रेस्त्रां, सेरेमनी हॉल और कॉम्प्लेक्स को बर्फ से ही बनाया जाता है। इतना ही नहीं, होटल के फर्नीचर, दीवार, बार समेत अन्य चीजों को भी बर्फ से ही बनाया जाता है। यहां एक से एक डिजाइनिंग वाले कमरे मौजूद हैं।

---

# कम से कम खर्च में घूमने के लिए अपनाएं यह टिप्स, जेब पर नहीं पड़ेगा जोर



**घूमना** आखिरकार किसे अच्छा नहीं लगता। हर दिन के तनाव और रूटीन से ब्रेक लेते हुए नई जगहों को एक्सप्लोर करने का अपना एक अलग ही आनंद है। लेकिन फिर भी मध्यम वर्गीय परिवार चाहकर भी घूमने नहीं जा पाते और उसकी वजह होती है बजट। चार-पांच महीने में अगर एक बार भी घूमने का प्लॉन बनाया जाए तो इससे पूरा बजट बिगड़ जाता है और सेविंग भी काफी हद तक खर्च हो जाती है। हो सकता है कि आप भी पैसों के चक्कर में घूमने ना जा रहे हों। लेकिन आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप ट्रेवलिंग के दौरान पैसों की भी बचत कर सकते हैं-

## प्लान करें ट्रिप

जब आप किसी नई जगह पर घूमने का विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि उसमें आपके काफी सारे पैसे खर्च ना हो तो इसके लिए आपको अपनी ट्रिप को प्लॉन करना चाहिए। आप जहां जा रहे हैं, इसके लोगों, संस्कृति, रीति-रिवाजों और भोजन आदि के बारे में थोड़ा-बहुत जानना आपको बहुत परेशानी से बचाएगा। इसके अलावा रिसर्च आपको उन महंगे शहरों के बारे में बताएगा जिनसे आप बचना चाहते हैं। रिसर्च के जरिए आप उस जगह की सस्ती जगहों व लोकल फूड के बारे में जान पाएंगे।

## सोच-समझकर चुनें एयरलाइन

यदि आप अपनी यात्रा के लिए सही एयरलाइन नहीं चुनते हैं तो आपको फ्लाइंग पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ सकता है।एक बजट एयरलाइन आपको कुछ पैसे बचा सकती है, इसलिए ट्रेवल के लिए आप सोच-समझकर एयरलाइन बुक करें। साथ ही अलग-अलग समय पर फ्लाइंग के चार्जेस अलग होते हैं, इसलिए उस पर भी फोकस जरूर करें।

## ऑफ-सीजन में यात्रा करें

यह एक ऐसी ट्रिक है, जो ट्रेवल के दौरान आपके काफी सारे पैसे खर्च होने से बचा सकती है। पीक सीज़न के दौरान यात्रा करने से आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं, इसलिए पीक सीज़न की यात्रा से बचना समझदारी है। एयरलाइंस, होटल और फूड प्राइस आदि छुट्टियों के दौरान और क्रिसमस, ईस्टर, ईद और दिवाली जैसे अवसरों पर बढ़ जाती हैं। ऐसे में आप ऑफ सीजन में घूमने का प्लॉन करें। इससे आपके पैसे भी कम खर्च होंगे और भीड़ कम होने के कारण आप अच्छी तरह एंजॉय भी कर पाएंगे।


## खाएं लोकल फूड

अगर आप बजट में घूमना चाहते हैं तो आपको अपने फूड पर भी फोकस करना चाहिए। ओवरप्राइज्ड कैफ़े और रेस्तरां में आपको बहुत सारे पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं जिन्हें आप स्थानीय स्थानों पर जाकर बचा सकते हैं जो ताजा भोजन परोसते हैं। इससे एक लाभ यह भी होगा कि आपको उस जगह के ऑथेटिंक फूड का स्वाद चखने का मौका मिलेगा।

---

## हैप्पी हनीमून





# करना है पॉकेट फ्रेंडली हैप्पी हनीमून तो घूमें इन जगहों पर

**शादी** के बाद हनीमून किसी भी नवविवाहित जोड़े के लिए एक यादगार वक्त होता है। हनीमून ट्रिप को लेकर कपल्स के मन में कई तरह की एक्साइटमेंट होती है। लेकिन बहुत से कपल्स सिर्फ इसलिए हनीमून पर नहीं जा पाते, क्योंकि वह उनकी पॉकेट से बाहर होता है। हो सकता है कि आपकी भी जल्द शादी होने वाली है और आप कम बजट में हैप्पी हनीमून ट्रिप प्लॉन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इन जगहों पर जा सकते हैं-

### हिमाचल प्रदेश

दिल्ली से 400 किलोमीटर की दूरी पर हिमाचल प्रदेश एक बेहद ही खूबसूरत जगह है, जहां पर आप कम बजट में अपने पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। यह आध्यात्मिक गुरु, दलाई लामा का घर है और इसमें कई जगह हैं, जैसे कि भागसू फॉल्स, शिव कैफ़े आदि जगहों पर जा सकते हैं और ट्रेकिंग और अन्य एडवेंचर्स एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां पर आपको व्यक्ति प्रति दिन 300 रूपए में ठहरने की जगह मिल सकती है।

### केरल

केरल एक बेहद ही खूबसूरत राज्य है और न्यू कपल्स के लिए इसे एक बेहतरीन घूमने की जगह माना जाता है। यहां की नेचुरल ब्यूटी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है। केरल को भगवान का अपना देश माना जाता है, जिस कारण हर व्यक्ति केरल के मंदिरों को देखना चाहता है। यहां बहुत सिद्ध मंदिर हैं। कुछ मंदिरों में पद्मनाभस्वामी मंदिर, गुरुवायुर मंदिर, वडक्कुन्नत मंदिर, अनंतपुरा झील मंदिर, थिरुमन्धाकुन्नु मंदिर, पडियानूर देवी मंदिर आदि प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। यह पद्मनाभस्वामी मंदिर है जो यहाँ बहुत प्रसिद्ध है।

### उदयपुर

राजस्थान राज्य में कई बेहतरीन घूमने की जगहे हैं, लेकिन आप कम बजट में राजस्थान में हनीमून पर जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको उदयपुर जाना चाहिए। यह अपेक्षाकृत काफी सस्ता है। आप यहां पर सिटी पैलेस से लेकर पिंचोला झील आदि कई खूबसूरत जगहों का लुत्फ उठा सकते हैं।

### आगरा

आगरा के ताजमहल को दुनिया के सात अजूबों में शामिल किया गया है। यह बेमिसाल प्यार की निशानी है। ऐसे में आपके लिए आगरा से बेहतर घूमने की जगह कौन सी होगी। यहां घूमने में आपको 5000 रूपए से भी कम का खर्च आएगा। आगरा में आप ताजमहल के अलावा आगरा का किला, फतेहपुर सिकरी आदि घूम सकते हैं। वैसे अगर आप आगरा जा रहे हैं तो वहां का फेमस पेठा खाना ना भूलें।



## अमेरिका ने बाढ़ प्रभावित पाकिस्तान में 10 मानवीय सहायता मिशन भेजे: पेंटागन

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि उसने पाकिस्तान में भारी मानसूनी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों को दस लाख पाउंड से अधिक की महत्वपूर्ण मानवीय आपूर्ति और उपकरण पहुंचाने के लिए 10 मिशन भेजे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ से लगभग 1,400 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12,728 अन्य घायल हुए हैं और 17 लाख से अधिक घर, 40 लाख एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि तथा 6,674 किलोमीटर लंबी सड़कें नष्ट हो गई हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग (डीओडी) पाकिस्तान में विनाशकारी बाढ़ से उपजे मानवीय संकट के मद्देनजर उसे मदद मुहैया कराने के 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' (यूएसएआईडी) के प्रयासों का समर्थन कर रहा है। पेंटागन के प्रवक्ता पैट्रिक राइडर ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 卐हमारी संवेदनाएं निश्चित रूप से उन लोगों के साथ हैं, जो इस भयानक प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'डीओडी ने अभी तक महत्वपूर्ण एयरलिफ्ट (हवाई निकासी) और स्टेजिंग (अस्थाई पट्टियां या चबूतरे) सहायता प्रदान करके अमेरिकी प्रशासन की यूएसएआईडी के नेतृत्व वाली प्रतिक्रिया का समर्थन किया है।' राइडर ने कहा, 'अमेरिकी वायु सेना की मध्य कमान को सौंपे गए सी-17 और सी-130 विमानों ने पाकिस्तान में 10 सहायता मिशन का संचालन किया है, जिनके तहत पाकिस्तानी लोगों की मदद के लिए 10 लाख पाउंड से अधिक की महत्वपूर्ण मानवीय आपूर्ति और उपकरण पहुंचाए गए हैं। हम अगले कई दिनों तक इसी दर से मदद जारी रखने की उम्मीद करते हैं।' उन्होंने बताया कि पाकिस्तान भेजी जाने वाली मानवीय सहायता में आपातकालीन खाद्य सामग्री, पेयजल, स्वच्छता आपूर्ति और उपकरण, पोर्टेबल (अस्थाई) आश्रय, बिस्तर, सफाई किट और रसोई का सामान शामिल है।

## वेस्ट बैंक की सीमा पर तनाव, इजराइल ने दो फिलिस्तीनी बंदूकधारियों की हत्या की

रामल्ला। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच फिर तनाव बढ़ गया है। इजरायली सैनिकों ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक की सीमा के पास संघर्ष में दो फिलिस्तीनी बंदूकधारियों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसमें एक इजरायली सैन्य अधिकारी भी मारा गया है। वेस्ट बैंक, उन क्षेत्रों में है, जिसे फिलिस्तीनी अपने भविष्य के राज्य के केंद्र के रूप में चाहते हैं। हाल के महीनों में हिंसा में वृद्धि देखी गई है, क्योंकि इजरायल ने अपने शहरों में घातक फिलिस्तीनी हमलों के बाद छापेमारी तेज कर दी है। सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि सुबह होने से पहले सैनिकों ने फिलिस्तीनी शहर जेनिन के पास वेस्ट बैंक सीमा के नजदीक एक इजरायली बैरिकेड्स के पास दो लोगों को देखा, जहां दोनों पक्षों के बीच रात में संघर्ष देखा गया। सेना ने कहा कि उन लोगों ने गोलियां चलाई जिसमें एक सेना अधिकारी की मौत हो गई। जिसके बाद अन्य सैनिकों द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। इधर सशस्त्र फिलिस्तीनी गुटों के गठबंधन जेनिन ब्रिगेड ने दो मृत बंदूकधारियों की पहचान अपने सदस्यों के रूप में की है। इसके साथ ही इसने दावा किया कि उन्होंने इजरायली सेना के एक अधिकारी को मार डाला है।वहीं पिछले कुछ हफ्तों में इजराइल ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास पर दबाव डालकर उत्तरी वेस्ट बैंक में सुरक्षा स्थिति को शांत करने के अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है।

## बोस्टन के नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में धमाका, एक घायल

बोस्टन। अमेरिका के बोस्टन स्थित नॉर्थ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी में डिलीवरी वाले पैकेज में बड़ा धमाका हो गया, जिसमें एक शख्स बुरी तरह घायल हो गया। दरअसल, अमेरिका के बोस्टन में मंगलवार रात पुलिस का एक बम निरोधक दस्ता नॉर्थ ईस्टर्न विश्वविद्यालय परिसर में एक संदिग्ध पैकेट की जांच के लिए पहुंचा था। परिसर में स्थित एक डिलीवरी वाले पैकेट में धमाका होने और उसमें कम से कम एक व्यक्ति के घायल होने की खबर थी। एक खबर के मुताबिक बोस्टन पुलिस ने कहा कि विश्वविद्यालय के होम्स हॉल के पास छोड़े गए दो संदिग्ध पैकेट की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया, लेकिन यहां के एक स्थानीय टीवी ने कहा कि एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है और दमकल व चिकित्सा कर्मी घटनास्थल पर थे। डब्ल्यूबीजेड-एएम रेडियो ने अज्ञात पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा कि धमाके में घायल व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वविद्यालय परिसर में बम की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल रात आठ बजे वहां पहुंचा। इससे पहले विश्वविद्यालय प्रबंधन ने उन छात्रों से इमारत खाली करा ली थी, जो शाम की कक्षा के लिए होम्स हॉल में एकत्रित हुए थे। नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी बोस्टन शहर में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय है।

## आजरबैजान और आर्मीनिया ने लड़ाई में 99 सैनिकों की मौत की जानकारी दी

येरेवान। आर्मीनिया और आजरबैजान की सीमा पर चल रही लड़ाई में दोनों तरफ के करीब 100 सैनिकों की मौत हो गई। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच लंबे समय से चल रही दुश्मनी के और गहरा होने की आशंका बढ़ गई है। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने मंगलवार को कहा कि आजरबैजान द्वारा देर रात किए गए हमलों में 49 आर्मीनियाई सैनिकों की मौत हो गई। वहीं आजरबैजान ने कहा है कि उसके 50 सैनिक मारे गए हैं। रूस की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच संघर्षविराम था और संघर्षविराम समझौते के तहत क्षेत्र में लगभग 2,000 रूसी सैनिक शांति सैनिकों के रूप में तैनात हैं। रूस ने दोनों पूर्व सोवियत देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने का आह्वान किया है। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, आजरबैजान की सेना ने तोपों और ड्रोन से हमले किए। मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए रूस द्वारा त्वरित मध्यस्थता के प्रयास के बावजूद दिन में लड़ाई जारी रही। उसने कहा कि गोलाबारी कम हो गई है लेकिन आजरबैजान के सैनिक अब भी आर्मीनियाई क्षेत्र में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। आजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आर्मीनियाई बलों ने देश के तीन जिलों में सेना की चौकियों पर गोलीबारी की और आर्मीनियाई हमलावरों ने इन क्षेत्रों में बारुदी सुरंगें बिछाईं। उसने कहा कि आजरबैजान के बल अनिर्दिष्ट संख्या में हताहत हुए और ''कड़ी जवाबी कार्रवाई की गई।'' उधर आजरबैजान का कहना है कि उसने आर्मीनिया द्वारा सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह किए गए हमलों के जवाब में कार्रवाई करते हुए हमले किए। इस बीच, भारत ने मंगलवार को दोनों देशों से आक्रमकता खत्म करने और तत्काल संघर्ष विराम करने की अपील करते हुए कहा कि सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत का विश्वास है कि द्विपक्षीय विवादों का समाधान कूटनीति और संवाद से होना चाहिए। गौरतलब है किआजरबैजान और आर्मीनिया के बीच नागोर्नो-काराबाख को लेकर दशकों से संघर्ष चल रहा है। नागोर्नो-काराबाख आजरबैजान का हिस्सा है, लेकिन यह 1994 में एक अलगाववादी युद्ध समाप्त होने के बाद से आर्मीनिया द्वारा समर्थित बलों के नियंत्रण में है। दोनों के बीच 2020 में छह सप्ताह तक चले युद्ध में 6,600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को दी परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी

सियोल। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया को चेतावनी दी कि अगर उसने अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो वह आत्म-विनाश के रास्ते पर आ जाएगा। दक्षिण कोरिया का यह बयान उत्तर कोरिया द्वारा एक नया कानून बनाए जाने के कुछ दिनों बाद आया है जो हमले की स्थिति में उसे अपने परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल करने की अनुमति देता है. हालांकि दक्षिण कोरिया का यह कड़ा रुख उत्तर कोरिया को संभवत: नाराज कर सकता है क्योंकि सियोल आमतौर पर कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव बढ़ने से बचने के लिए इस तरह के कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचता है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि कानून केवल उत्तर कोरिया को अलग थलग करेगा और सियोल और वाशिंगटन को अपनी प्रतिरोध और प्रतिक्रिया क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए प्रेरित करेगा। मंत्रालय ने उत्तर कोरिया को अपने परमाणु हथियारों का उपयोग नहीं करने की हिदायत दी और दक्षिण कोरिया ने अपने सहयोगी अमेरिका से अधिक सहयोग की मांग करते हुए कहा कि वह भी अपनी पहले हमला करने की नीति, मिसाइल रक्षा और बड़े पैमाने पर जवाबी क्षमता को बढ़ावा देगा। मंत्रालय के एक कार्यवाहक प्रवक्ता मून होंग सिक ने संवाददाताओं से कहा कि हम चेतावनी देते हैं कि उत्तर कोरिया की सरकार को दक्षिण कोरिया-अमेरिकी सैन्य गठबंधन की भारी जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा और अगर वह परमाणु हथियारों का उपयोग करने का प्रयास करती है, तो वह आत्म-विनाश के रास्ते पर चली जाएगी।

## चीन के तीसरे नंबर के नेता ली झांशु ने ओली, प्रचंड से बातचीत की

चीन की संसद के अध्यक्ष और देश के राजनीतिक पदानुक्रम में तीसरे नंबर के नेता ली झांशु ने मंगलवार को नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के पी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' सहित शीर्ष राजनीतिक नेताओं के साथ बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। चीन की संसद 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' की स्थायी समिति के अध्यक्ष ली नेपाल के स्पीकर अग्नि प्रसाद सपकोटा के आमंत्रण पर सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे।



लंदन में महारानी एलिजाबेथ के ताबूत को बकिंघम पैलेस की ओर ले जाते समय हजारों लोग रास्ते में मौजूद थे।

## करीबी मुकाबले के बाद केन्या के राष्ट्रपति बने विलियम रूटो

पूर्वी अफ्रीका के सबसे स्थिर लोकतंत्र में नौ अगस्त को हुए चुनाव में बहुत कम अंतर से जीत हासिल करने वाले विलियम रूटो ने केन्या के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली। रूटो ने नौ अगस्त को हुए चुनाव में लंबे समय से विपक्ष के नेता रहे रैला ओडिंगा को मामूली अंतर से हराया। उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह आधिकारिक परिणामों को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। रूटो निवर्तमान राष्ट्रपति उहुरू केन्याट्टा के कार्यकाल में उप राष्ट्रपति रहे थे लेकिन बाद में दोनों में तकरार हो गई और उन्होंने महीनों तक बात नहीं की थी। मंगलवार को दोनों ने जब हाथ मिलाया तो उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर खुशी जताई।



विलियम रूटो का शपथ ग्रहण समारोह एक स्टेडियम में आयोजित किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने जबरन स्टेडियम में घुसने का प्रयास किया और इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोका तथा अनेक लोग घायल हो गये। चिकित्सा कर्मी पीटर मुइरुरी ने कहा कि लोगों के धक्का देने पर नैरोबी स्टेडियम की बाड़ टूट गयी और करीब 60 लोग घायल हो गये। यह संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि किसी की मृत्यु की खबर नहीं है। कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर घुसने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे।

# पाकिस्तान से एफ-16 विमान डील करके भारत को क्या संदेश देना चाहता है अमेरिका?

**रूस और चीन है मुख्य कारण!**

**वाशिंगटन।(एजेंसी)।**





भारत की विदेश नीति हमेशा राष्ट्रीय हित को लेकर आगे चली है। रूस-युक्रेन युद्ध के दौरान जब पुरी दुनिया के ज्यादातर देश चाहते थे कि भारत रूस की आलोचना करे तब भारत ने अपना राष्ट्र हित देखा और शांत रहा। अमेरिका मे इरान पर सेंशन लगा रखा है इस लिए भारत अपनी तेल की पूर्ति रूस से तेल खरीदकर करता है। ऐसे में भारत पर दवाब डाला जा रहा था कि रूस के साथ भारत अपने व्यापार को नाटो देश की तरह बंद कर दे लेकिन भारत ने देश के अंदर के हितों को ध्यान में रखते हुए रूस के साथ अपने व्यापार और तेल की खरीद को बंद नहीं किया। अब हाल ही में एससीओ समिट में भी भारत भाग लेने जा रहा है जो शंघाई में होने वाला हैं। ऐसे में अमेरिका पाकिस्तान के साथ एफ 16 का सौदा करके भारत पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

बाइडन प्रशासन ने पाकिस्तान को 45 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने के कदम को जायज ठहराते हुए कहा है कि एफ-16 लड़ाकू विमान कार्यक्रम अमेरिका-पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों का अहम हिस्सा है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि इन लड़ाकू विमानों के बेड़े से पाकिस्तान को आतंकवाद रोधी अभियान के संचालन में मदद मिलेगी। बाइडन प्रशासन ने आठ सितंबर को पाकिस्तान को एफ-16 युद्धक विमानों के वास्ते 45 करोड़ डॉलर की मदद देने की मंजूरी दी थी। पिछले चार वर्षों में वाशिंगटन की ओर से इस्लामाबाद को दी गई यह पहली बड़ी सुरक्षा सहायता है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, 'हमने हाल ही में कांग्रेस (संसद) को अवगत कराया है कि हम पाकिस्तानी वायु सेना के एफ-16 विमानों की मरम्मत और रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर देने जा रहे हैं।' प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'पाकिस्तान कई मामलों में हमारा एक महत्वपूर्ण साझेदार है। वह आतंकवाद के खिलाफ जंग में हमारा एक अहम साझेदार है। हम अपनी नीति के तहत अमेरिका में निर्मित उपकरणों की मरम्मत और रखरखाव के लिए सहायता उपलब्ध कराते हैं।'

प्रवक्ता ने कहा, 'पाकिस्तान का एफ-16 कार्यक्रम अमेरिका-पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों का एक अहम हिस्सा है और इस प्रस्तावित की मदद से पाकिस्तान को एफ-16 बेड़े की मरम्मत के लिए सहायता मिलेगी, जिससे वह आतंकवाद के वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपट सकेगा।

## शहबाज ने सभी पक्षकारों से बाढ़ राहत प्रयासों में सक्रियता से जुटने का अनुरोध किया

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

विनाशकारी बाढ़ से चरमराई देश की अर्थव्यवस्था के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को सभी हितधारकों से पुनर्वास प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल होने का आह्वान किया। बाढ़ से देश में 40 अरब अमरीकी डॉलर से अधिक के नुकसान का अनुमान है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की तरफ से दी गई अद्यतन जानकारी के मुताबिक बाढ़ से जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़कर 1,481 हो गया है जबकि 12,748 लोग घायल हुए हैं। इसमें बताया गया है कि 12,418 किलोमीटर सड़कों को नुकसान पहुंचा है जबकि 17 लाख से अधिक घर आंशिक या पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। विनाशकारी बाढ़ के चलते 9,08,137 मवेशियों की भी जान गई है। शरीफ ने मंत्रिमंडल की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, 'यहपरीक्षा का समय है और हमें एकजुटता दिखानी है।' एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने मंगलवार को खबर दी कि राष्ट्रीय बाढ़ प्रतिक्रिया समन्वय केंद्र (एनएफआरसीसी) ने सोमवार को बाढ़ प्रतिक्रिया केंद्र की एक बैठक में 40 अरब अमरीकी डॉलर के नुकसान का आंकड़ा दिया जहां वित्त मंत्रालय ने 'एन अर्ली असेसमेंट ऑफ फ्लड इंपैक्ट ऑन पाकिस्तान्स इकॉनमी' शीर्षक वाली आकलन रिपोर्ट पेश की। यह नया आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा पिछले हफ्ते पाकिस्तान के एकजुटता दौरे के दौरान दिए गए 30 अरब डॉलर के आंकड़े से काफी ज्यादा है। देश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में गुतारेस की हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए व्यावहारिक कदमों पर जोर दिया। शरीफ ने कहा कि गुतारेस ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन से प्रेरित आपदा का सबसे खराब शिकार बन गया है, एक ऐसी घटना जिसमें उसका कोई योगदान नहीं है।

## अमेरिका में कैंसर से मौत के मामले कम करने के लिए महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश में कैंसर के कारण होने वाली मौत के मामले कम करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। अमेरिका में हृदय संबंधी बीमारी के बाद मौत का सबसे बड़ा कारण कैंसर है। अपने बड़े बेटे ब्यू को 2015 में कैंसर के कारण खो चुके बाइडन ने कहा कि लोगों की जान बचाए जाने के मामले बढ़ने के बावजूद कैंसर अमेरिका में हृदय संबंधी बीमारी के बाद मौत का अब भी दूसरा बड़ा कारण है। राष्ट्रपति बाइडन ने बोस्टन में दिए अपने भाषण में नई एजेंसी 'एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसीज ऑफ हेल्थ' (एआरपीए-एच) के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा, ''एआरपीए-एच का एकमात्र मकसद कैंसर, अल्जाइमर, मधुमेह और अन्य बीमारियों को रोकने, उनका पता लगाने और उनका इलाज करने की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों को प्रोत्साहित करना और हमें स्वस्थ जीवन जीने में सक्षम बनाना होगा।'' बाइडन ने कहा कि अमेरिका को उन्नत जैव प्रौद्योगिकी का देश में निर्माण करने की आवश्यकता है और इसीलिए उन्होंने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जो संघीय सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देता है कि अमेरिका में आविष्कार की गई जैव प्रौद्योगिकी अमेरिका में ही बनाई जाए, चाहे वह कैंसर के उपचार से संबंधित हो या अगली पीढ़ी के ईंधन और अन्य सामग्री से जुड़ा हो। बाइडन ने कहा कि उनका प्रशासन देश के हर हिस्से के वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी का समर्थन करने के लिए पहला 'कैंसर मूनशॉट स्कॉलर कार्यक्रम' शुरू कर रहा है।

## पुतिन के जवानों को मिला घातक नई सुखोई एसयू-35, रूसी सैन्य शक्ति में होगा भारी इजाफा

**कीव (एजेंसी)।**



यूक्रेन की जंग को शुरू हुए 6 महीने से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। वहीं वक्त के साथ पुतिन की सेना का दबाव कम होता दिख रा है। खारकीव इलाके में रूस को बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के दावे की माने तो करीब 2000 किलोमीटर के दायरे को रूसी प्रभाव से मुक्त करा लिया गया है। यूक्रेन को मिलती इस बढ़त के बीच अब, पुतिन के सैनिकों को घातक लड़ाकू जेट प्राप्त हुए हैं। रूसी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी रोस्टेक ने हाल ही में सेना को नए एसयू-35एस दिए हैं।

एसयू-35 हवाई, जमीनी खतरों का सामना करता है और दुश्मन की नौसैनिक सतह बलों का मुकाबला करता है। नवीनतम डिलीवरी यूक्रेन में रूस की सैन्य शक्ति में इजाफा करेगी। कीव के हालिया युद्धक्षेत्र लाभ के बावजूद, रूस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बमबारी जारी रखी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 10 सितंबर को रूसी राज्य के स्वामित्व वाले रक्षा समूह रोस्टेक ने घोषणा की थी कि रूसी वायु सेना को यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन से एसयू-35एस है। हैवीवेट लड़ाकू विमानों का एक नया बैच प्राप्त हुआ है। इन विमानों का निर्माण रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र में कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर विमान सुविधा में किया गया था।

ताजा बैच 30 विमानों के लिए रूसी रक्षा मंत्रालय और यूएसी के बीच हस्ताक्षरित तीसरे अनुबंध का हिस्सा है। डिलीवरी 2024 में पूरी होने की उम्मीद है। एसयू 35 दुनिया के बेहतरीन विमानों में से एक है। एसयू-35एस की नवीनतम श्रृंखला को तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अनुमोदित किया गया था और कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर एविएशन प्लांट में कारखाना परीक्षण पूरा किया गया था। प्रत्येक विमान को हवाई परिचालन परीक्षणों की एक श्रृंखला से गुजरना पड़ा।

## आफगानिस्तान में छुपा है खुंखार आतंकी मसूद अजहर! पाकिस्तान ने पत्र लिखकर तालिबानी सरकार पर बनाया दबाव

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।**

एक पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार से संपर्क किया है। पाकिस्तान पर इन दिनों अपनी धरती से आतंकवाद को खत्म करने का दवाब पश्चिमी देशों से कुछ ज्यादा की बढ़ रहा है। ऐसे में पाकिस्तान ने मसूद अजहर की तलाश करने के लिए यह कदम उठाया है। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र द्वारा मसूद अजहर को खुंखार आतंकी घोषित किए जाने के बाद से ही वह फरार है।

### अफगानिस्तान मे छुपा है आतंकी मसूद अजहर!

पाकिस्तानी पक्ष ने तालिबान के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर अफगानिस्तान में अधिकारियों से अजहर का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि पाकिस्तानी अधिकारियों का मानना है कि अजहर अफगानिस्तान में कहीं छिपा है, जियो न्यूज चैनल ने एक अज्ञात पाकिस्तानी अधिकारी के हवाले से कहा कि यह घटनाक्रम से जुड़ा है। पत्र में कहा गया है कि अजहर के नंगरहार प्रांत या अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में छिपे हुए होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि अगस्त 2021 में काबुल में तालिबान के सत्ता में आने से पहले या उसके बाद अजहर अफगानिस्तान चला गया था या नहीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने इस घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं की। भारतीय अधिकारियों की ओर से इस घटनाक्रम पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

### तालिबानी सरकार को पाकिस्तान ने लिखा पत्र

इस साल की शुरुआत में पश्चिमी शक्तियों ने अजहर, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद और लश्कर के संचालक साजिद मीर सहित 30 प्रमुख आतंकवादी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की बैठक में भारत के आह्वान का समर्थन किया। पाकिस्तान ने महीनों तक तर्क दिया था कि इस साल की शुरुआत में अधिकारियों द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करने से पहले मीर की मौत हो गई थी। बाद में मीर को प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का सदस्य होने, समूह के लिए धन जुटाने और आतंकी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के लिए पाकिस्तान के आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था।



एफएटीएफ ने 28 अगस्त से 2 सितंबर तक पाकिस्तान का 'ऑन-साइट दौरा' किया, ताकि आतंकवाद के वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करने के लिए बहुपक्षीय निगरानीकर्ता की कार्य योजनाओं के साथ देश के अनुपालन की समीक्षा की जा सके। यह अक्टूबर में होने वाली एक बैठक में एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' से पाकिस्तान के संभावित निष्कासन से पहले आया था।

# भाजपा का ममता पर हमला : कहा- बंगाल में कानून का राज खत्म, HC ने राज्य गृह सचिव से मांगी रिपोर्ट

(एजेंसी)

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कोलकाता मे बीजेपी कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा किए गए हमले को लेकर टीएमसी पर हमला बोला है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ममता जी 'सीपीएम की सरकार ने आपके उपर भी लाठी चलाई थी क्या आप भूल गई।' ममता जी बंगाल की सरहद के बाहर लोकतंत्र को बचाने की बात करती हैं और बंगाल के अंदर लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन में सारी सरहदें पार कर दी है।

**कोलकाता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट**

कोलकाता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के गृह सचिव से इस आरोप पर रिपोर्ट मांगी है बीजेपी समर्थकों को उनके नबन्ना कार्यक्रम में जाने से बलपूर्वक रोका। पीठ ने राज्य के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई अनावश्यक गिरफ्तारी न हो और रैली के सिलसिले में किसी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से हिरासत में न लिया जाए। हाईकोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को 19 सितंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

**टीएमसी ने भी भाजपा पर लगाया आरोप**

टीएमसी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का पाखंड उजागर हो गया है। क्या हमारे पुलिसकर्मी इसी के लायक है? बारिश हो या धूप वे अपनी सीमा के आगे जाकर लोगों की रक्षा करते हैं। वे हमें हर समय सुरक्षित रखते हैं। राखी पर, बंगाल भाजपा के नेता ने पश्चिम बंगाल के पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और तस्वीरें खिंचवाईं और अन्य दिन पथराव करते हैं।



# केंद्रीय कर्मचारी के मौज, तेजस ट्रेनों में फ्री या कम कीमतों में कर सकते हैं यात्रा

नई दिल्ली ।

अगर आप भी केंद्रीय कर्मचारी हैं, तब आपके के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय कर्मचारी तेजस ट्रेनों में फ्री या कम कीमत यानी रियायती दरों पर सफर कर सकते हैं। ये छूट उनके आधिकारिक दौरों के लिए मिलेगी। दरअसल, वित्त मंत्रालय ने नोटिस जारी कर बताया कि सरकारी केंद्रीय कर्मचारी अब तेजस ट्रेनों में फ्री या कम कीमत पर सफर कर पाएंगे। मंत्रालय के नोटिस के मुताबिक, अधिकारियों ने आधिकारिक यात्रा के लिए तेजस एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा में रियायत देने को लेकर विचार किया। इसके बाद सरकार ने इसकी इजाजत दे दी। बताया जाता हैं, कि ये छूट दी गई ट्रेनों के अलावा टूर, ट्रेनिंग, ट्रांसफर और रिटायरमेंट यात्रा के लिए भी लागू होगी। तेजस एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करने की एलिजिबिलिटी, वहीं होगी जो शताब्दी ट्रेनों के लिए है। ट्रेन यात्रा के लिए कौन से कर्मचारी फायदा उठा सकते हैं, यह कर्मचारियों के वेतन पर निर्भर करता है। पात्र सरकारी अधिकारियों को प्रीमियम ट्रेनों, प्रीमियम तत्काल ट्रेनों, राजधानी, शताब्दी, दुरंतो ट्रेनों में सफर करने की इजाजत होती है। वह कम किराए या मुफ्त में यात्रा कर सकते हैं। एक अधिकारी के मुताबिक मंत्रालय ने नोटिस जारी करके तेजस ट्रेनों को प्रीमियम ट्रेनों की लिस्ट में डाल दिया है। सरकार के ऐसा करने से केंद्र सरकार के कर्मचारी आधिकारिक टूर के लिए इन ट्रेनों से यात्रा कर सकते हैं। बता दें कि तेजस के कोच अपग्रेड हैं। इसका निर्माण रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला में हुआ है। 20 डिब्बों वाली ये देश की पहली ट्रेन हैं, जिसके सभी डिब्बों में स्वचालित दरवाजे हैं। साथ ही हर डिब्बे में चाय व कॉफी की वेंडिंग मशीन लगी है। प्रत्येक सीट पर एलसीडी स्क्रीन और वाई-फाई की सुविधा है। तेजस राजधानी एक्सप्रेस सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जिसे भारतीय रेलवे चला रही है। तेजस एक्सप्रेस आधुनिक सुविधाओं वाली मध्यम तेज गति वाली भारतीय रेल की ट्रेन है। इसकी अधिकतम गति 160 किमी है।







# व्यावसायिक संपत्ति का रजिस्ट्रेशन कराए बिना किराए पर देना पड़ सकता है भारी

गाजियाबाद । (एजेंसी)

व्यावसायिक संपत्ति का रजिस्ट्रेशन बगैर किराए पर देना भारी पड़ सकता है। गाजियाबाद में इस तरह के मामलों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा स्टांप विभाग ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में और लोगों पर भी कार्रवाई संभव है। कई संपत्ति मालिकों को नोटिस जारी किया जा चुका है। गाजियाबाद में स्टांप विभाग इनदिनों नियमों को न मानकर किराये पर दी गई संपत्तियों को चिह्नित करने का काम करा रहा है। पिछ्ले 38 दिन में स्टांप विभाग ने मेरठ रोड और आसपास के 104 इसतरह के भवनों को चिह्नित कर मालिकों को नोटिस जारी किया है। इनमें से 70 भवन मालिकों पर स्टांप विभाग में केस दर्ज कराया गया है। स्टांप विभाग के नियमों के मुताबिक ऐसी संपत्तियों का किरायानामा पंजीकृत कराया जाना अनिवार्य है, जो व्यावसायिक उद्देश्‍ य से किराये पर दी जा रही हैं। किराये के रूप में सालाना मिलने वाली रकम पर चार फीसदी स्टांप शुल्क पंजीकरण के दौरान जमा कराना होता है। स्टांप विभाग ने सर्वे कराया, तब खुलासा हुआ कि बिना पंजीकरण कराए संपत्तियों को किराये पर दी गई हैं।

# 30 सितंबर से अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ेगी तीसरी वंदे भारत ट्रेन

## पीएम नरेंद्र मोदी गांधीनगर स्टेशन से हरी झंडी दिखाएंगे



मुंबई । (एजेंसी)

रेल यात्रियों को आने वाले दिनों में खुशखबरी मिल सकती है। देश की तीसरी और नई वंदे भारत ट्रेन 30 सितंबर से पटरी पर दौड़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी गांधीनगर स्टेशन से हरी झंडी दिखाएंगे। ट्रायल पूरा होने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस गुजरात पहुंच चुकी है। ट्रेन मुंबई सेंट्रल और गुजरात के बीच चलेगी। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश ने एक ट्वीट के द्वारा इसके संकेत दिए। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि जल्द ही वंदे भारत से मुंबई-अहमदाबाद की दूरियां और भी कम होंगी। गौरतलब है कि अहमदाबाद-मुंबई के बीच 9 सितंबर को ट्रेन का ट्रायल सफल रहा था। ट्रेन ने स्पीड के मामले में बुलेट ट्रेनों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया था। अहमदाबाद से मुंबई के बीच 492 किमी की दूरी सिर्फ 5.10 घंटे में तय की थी। अहमदाबाद दौरे पर पहुंचे केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ट्रेन को सीआरएस मंजूरी मिल गई है। यानी अब ट्रेन पूरी तरह से कॉमर्शियल रूप से चलाने के लिए तैयार है। साबरमती और कालूपुर में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्थलों का दौरा करने पहुंचे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णण ने कहा, वंदे भारत ट्रेन भारत में पूरी तरह से पीएम मोदी के विजन से निर्मित है, उसी विजन से डिजाइंड, और बहुत अच्छी उसकी टेस्टिंग की रिपोर्ट बहुत अच्छी आई है। टेस्टिंग में वंदे भारत ने शून्य से 100 किलोमीटर की स्पीड 52 सेकंड में पूरी की। 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी ट्रेन बहुत स्थिर है। बुलेट ट्रेन परियोजना की जानकारी देकर वैष्णव ने कहा, बुलेट ट्रेन देश के लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। मुंबई से अहमदाबाद के बीच पहले सेक्शन में बहुत अच्छी प्रगति हो रही है। करीब-करीब 80 किलोमीटर से ज्यादा पिलर्स बन चुके हैं। साबरमती में जो टर्मिनल हब बनेगा, वह एक मल्टी मॉडल हब होगा। इसमें मेट्रो, बीआरटीएस, भारतीय रेल, हाई स्पीड रेलवे को एक ही जगह पर बहुत ही अच्छे-से प्लानिंग करके, इंटीग्रेट करके डेवलप किया गया है।'

# गुजरात एटीएस ने 200 करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स के साथ 6 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा



अहमदाबाद । गुजरात से तकरीबन 200 करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स के साथ 6 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। नशे की खेप बरामद होने के बारे में एटीएस के अधिकारियों ने सूचना दी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी गिरफ्तार पाकिस्तान नागरिकों से पूछताछ हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश हो जा रही है, कि इतनी बड़ी मात्रा में लाए जा रहे नशीले पदार्थों को कहां खपाने की तैयारी थी। बता दें कि पाकिस्तान की ओर से भारत में नशे की खेप पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है। राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के साथ ही गुजरात के तटवर्ती इलाकों के जरिये भी ड्रग्स की तस्करी का प्रयास हो रहा है। पिछले कुछ समय में यह नशे की सबसे बड़ी खेप है, जिसे सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा है। गुजरात एटीएस ने कोस्ट गार्ड के साथ मिलकर आईएमबीएल से ड्रग्स का बड़ा जखीरा पकड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ड्रग्स की कीमत करीब 200 करोड़ आंकी जा रही है। बताया जाता है कि ड्रग्स को कपूरथला जेल (पंजाब) में बंद एक नाइजीरियन ने मंगवाया था। आरोप है कि वह जेल से ड्रग्स का नेटवर्क चला रहा है। पाकिस्तानी बोट 6 मील तक भारतीय समुद्री सीमा के अंदर घुस आया था। बोट से तकरीबन 40 किलोग्राम ड्रग्‍ स बरामद किया गया, जिसका बाजार मूल्य 200 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। पाकिस्तानी बोट को गुजरात के जाखू तट से कुछ दूरी पर पकड़ा गया। कुछ दिनों पहले ही अहमदाबाद पुलिस को भी बड़ी सफलता मिली थी। अहमदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने लाखें रुपये मूल्य के मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। डीसीबी की टीम ने अहमदाबाद के जुहापुरा में फतेहवाड़ी कैनाल रोड के पास साबरकांठा के हिम्मतनगर निवासी 28 वर्षीय शाहरुख खान पठान को नशीले पदार्थों की खेप के साथ गिरफ्तार किया।

# 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा, अनुसूचित जाति के वोटरों के लिए तैयार किया मेगा प्रोग्राम

## कार्यकर्ताओं को एसी समुदाय की बस्तियों में 'प्रवास करने को कहा

नई दिल्ली । (एजेंसी)

आगामी चुनावों के तहत बीजेपी ने हर समुदाय के वोटरों के बीच अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए एक मेगा प्लान पर काम करना शुरू किया है। इसके तहत अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय के लोगों तक पहुंचने के लिए एक मेगा प्रोग्राम तय किया गया है। मेगा प्रोग्राम के तहत भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपने कार्यकर्ताओं को एसी समुदाय की बस्तियों में 'प्रवास करने को कहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन (17 सितंबर) वाला हफ्ता सेवा पखवाड़े होता है। यह देखकर बीजेपी ने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों से पहले अनुसूचित जाति के वोटरों के साथ अपने संपर्क को फिर से नई धार देने का फैसला किया है।

बीजेपी नेता के मुताबिक 'छोटी टोलियां बनाई जाएंगी और उनके पास एक फोल्डर होगा, इसमें बीजेपी के राज्यों की सरकारों और केंद्र की योजनाओं का विवरण होगा। पार्टी इसके लिए पहले ही 12 क्षेत्रों में प्रशिक्षण दे चुकी है। राजनीतिक दल के रूप में हमारी स्वीकार्यता बढ़ रही है। हमें यूपी में 14 प्रतिशत जाटव समर्थन मिलता रहा है, जो हाल के चुनावों में बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया। बंगाल में हमें एससी समुदाय के 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिले। गौरतलब है कि मौजूदा वक्त में बीजेपी से एससी समुदाय के 46 लोकसभा और 7 राज्यसभा सांसद हैं।

17 सितंबर से बीजेपी के कार्यकर्ता एससी समुदाय की 75,000 बस्तियों का दौरा करे। बीजेपी कार्यकर्ता इन बस्तियों में प्रवास करने और मोदी सरकार समुदाय के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, उनके बारे में जागरूकता फैलाएंगे। ये प्रवास कार्यक्रम 17 सितंबर से संविधान दिवस यानी 26 नवंबर तक जारी रहेगा। इस के दौरान बीजेपी उन बूथों पर अपने संपर्क के प्रयासों को भी दोगुना करेगी, जहां 100 से अधिक एससी वोटर हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले तैयारी करते हुए बीजेपी ने अपने मौजूदा वोट बैंक को मजबूत करने के साथ ही नए वोटरों तक पहुंच बढ़ाने के लिए अपनी कवायद शुरू कर दी है। बीजेपी की कुछ यूनिट्स को विभिन्न राज्यों में नई सोशल इंजीनियरिंग पर काम करने के लिए कहा गया है। जबकि राष्ट्रीय इकाइयां मौजूदा वोट बैंक पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और मजबूत करने के लिए काम शुरू कर दिया है।

बीजेपी के मेगा प्लान के मुताबिक मोर्चा के कार्यकर्ता एससी हॉस्टलों का दौरा करेगा। अब तक पार्टी ने 7,500 हॉस्टलों की पहचान की है, जिनका दौरा करने की जरूरत है। बीजेपी के एक नेता ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने समुदाय की मूर्तियों और प्रतीकों के बारे में जानना चाहिए. भाजपा ने उपेक्षित मूर्तियों पर बहस शुरू की है और कई उपायों से यह सुनिश्चित किया है कि हमारे समुदाय के महापुरुषों को वह स्थान मिले, जिसके वे समाज में हकदार हैं, उन्हें दरकिनार नहीं किया जाता है।

# राज्यपाल दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 433-ए को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों से मांगा जबाव

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों से इस बारे में जवाब मांगा कि क्या राज्यपाल दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 433-ए के नियमों के बाद भी दोषियों को सजा में सामूहिक छूट दे सकते हैं, जिसके तहत उम्रकैद की सजा पाने वाले एक दोषी शख्स को 14 साल जेल में बिताने के बाद ही माफी दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कई मामलों में फैसला सुनाया है, कि अदालत द्वारा जघन्य अपराधों में दोषी को आजीवन कारावास की सजा का मतलब है कि अपराधी को अपना शेष जीवन जेल में बिताना अनिवार्य किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह फैसला सीआरपीसी की धारा 433-ए के तहत 14 साल की कैद से गुजरने के बाद सजा को माफ करने की राज्य की शक्ति को खत्म नहीं करेगा। कई मौकों पर राज्य सरकारों की सलाह पर कार्य करते हुए संबंधित राज्यों के राज्यपालों ने स्वतंत्रता दिवस जैसे विशेष मौके पर कैदियों को सजा में सामूहिक छूट देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत अपनी क्षमा और छूट की शक्तियों का प्रयोग किया था। जब एक हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, तब उस हरियाणा के राज्यपाल ने अपनी अनुच्छेद 161 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए केवल आठ साल की कैद के बाद 1998 में रिहा कर दिया था। इस निर्णय की वैधता की जांच करने वाली तीन जजों की पीठ ने इस सवाल को पांच जजों की बेंच को भेज दिया था। सवाल ये था कि 'क्या संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत मिली शक्ति का प्रयोग कर एक नीति बनाई जा सकती है, जहां कुछ निश्चित नियम या शर्तों को तय किया जा सकता है, जिनके पूरा होने पर कार्यपालिका द्वारा किसी भी मामले के संबंध में तथ्यों या सामग्री को राज्यपाल के सामने रखे बिना सजा में छूट का लाभ मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



# कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 8 कांग्रेसी विधायकों ने छोड़ा साथ, भाजपा में शामिल

**पणजी ।** भारत जोड़ो यात्रा के बीच कांग्रेस के लिए गोवा से बुरी खबर आई है। गोवा में 11 विधायकों वाली कांग्रेस को भाजपा ने बड़ा झटका देकर उसके 8 विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की मौजूदगी में कांग्रेस के 8 विधायकों ने भाजपा ज्वाइन किया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक माइकल लोबो ने कहा कि हम पीएम मोदी और सीएम प्रमोद सावंत के हाथ मजबूत करने के लिए बीजेपी में शामिल हुए हैं। उन्होंने 'कांग्रेस छोड़ो, बीजेपी को जोड़ो' स्लोगन का भी जिक्र किया। दरअसल, इसके पहले गोवा में कांग्रेस विधायक दल ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। इससे कुछ ही देर पहले भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सदानंद शेत तनावड़े ने दावा किया था कि कांग्रेस के आठ विधायक जल्द ही सत्तारूढ़ दल में शामिल होने वाले है। इसके कुछ देर बाद सीएम प्रमोद सावंत के साथ कांग्रेस विधायकों की तस्वीर आ गई। इस घटनाक्रम से पहले तक 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में कांग्रेस के 11 जबकि भाजपा के 20 सदस्य थे। मुख्यमंत्री सावंत के साथ कांग्रेस विधायकों की जो तस्वीर सामने आई थी, उसमें विधायक माइकल लोबो, दिगंबर कामत, डेलिला लोबो, राजेश फलदेसाई, केदार नाइक, संकल्प अमोनकर, एलेक्सियो सिक्वेरा और रूडोल्फ फर्नांडिस दिखे थे। दरअसल, साल 2019 में इसी तरह कांग्रेस के 10 विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे।

# महाराष्ट्र में राणा दंपति से जुड़े सभी केसों की जांच सीआईडी करेगी

**मुंबई ।** हनुमान चालीसा प्रकरण को लेकर सुर्खियों में आए सांसद नवनीत राणा और विधायक रवि राणा के खिलाफ अमरावती जिले में दर्ज मामलों की जांच सीआईडी करेगी। महाराष्ट्र सरकार के गृह मंत्रालय ने अमरावती पुलिस को सभी मामले सीआईडी को ट्रांसफर करने के आदेश दिया। उद्धव ठाकरे की महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान बडनेरा से विधायक रवि राणा पर एक साल में हत्या का प्रयास सहित विभिन्न गंभीर मामले दर्ज किए गए थे। अमरावती में पुलिस कमिश्नर आरती सिंह और राणा दंपति के बीच लगातार विवाद चल रहा है। राणा दंपति का आरोप था कि आरती सिंह जानबूझकर उनके खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर रही हैं। मामले में सांसद नवनीत राणा ने इसकी शिकायत उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कर महाराष्ट्र सरकार से जांच किसी अन्य एजेंसी को ट्रांसफर करने की गुजारिश की थी। जिसके बाद जांच के आदेश अब क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) को दिए गए हैं।

# आजम खान को दिल का दौरा, अस्पताल में एंजियोप्लास्टी सर्जरी कर स्टंट डाला गया

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आजम खान को दिल का दौरा पड़ा है। आजम की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां आजम के दिल की एंजियोप्लास्टी सर्जरी कर हार्ट में एक स्टंट डाला गया है। कोरोना काल के दौरान ही संक्रमित हो चुके आजम अपने कारावास के वक्त से ही खराब सेहत से परेशान हैं। कोरोना के समय अस्पताल में उनकी हालत काफी गंभीर थी। खराब सेहत के आधार पर आजम ने कई बार जेल से जमानत भी मांगी थी। लेकिन यूपी की अदालतों से उन्हें राहत नहीं मिली। कुछ दिनों पहले आजम सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जेल से रिहा हुए थे। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों आजम खान ने सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया। यहां पर डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद उन्हें निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती किया था। फिलहाल गंगाराम अस्पताल में भर्ती आजम खान की हालत स्थिर है। वहीं डॉक्टर्स लगातार उनके हेल्थ पैरामीटर्स पर नजर रखे हुए हैं।

# अगले 5 वर्किंग डे में ईडब्लूएस कोटे की संवैधानिक वैधता पर सुनवाई पूरी करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट की सैंवधानिक बेंच में ईडब्लूएस कोटे की संवैधानिक वैधता को लेकर दायर मामले की सुनवाई कर रही है। चीफ जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी, एस रविंद्र भट, बेला एम त्रिवेदी और जेबी पारदीवाला की बेंच ने अगले 5 वर्किंग डे में केस की सुनवाई पूरी करने की बात कही है। जाने-माने शिक्षाविद डॉ. मोहन गोपाल ने मामले में दलीलें पेश कीं। सुप्रीम कोर्ट में दलील देकर उन्होंने कहा कि आरक्षण को वंचित समूह को प्रतिनिधित्व देने का साधन माना जाता रहा है। लेकिन ईडब्ल्यूएस कोटा ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह से उलट दिया है। यही नहीं डॉ. गोपाल ने कहा कि ईडब्लूएस कोटे का लाभ अगड़े वर्ग को मिलता है। लेकिन इससे सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग बाहर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से संविधान की मूल भावना का उल्लंघन होता है। जिसके तहत समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांत की बात की गई है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में दलील देकर डॉ. गोपाल ने 103वें संशोधन पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान पर हमले के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ईडब्लूएस वास्तव में आर्थिक आरक्षण होता, तब यह जाति के बावजूद गरीब लोगों को दिया जाता। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। डॉ. गोपाल ने समझाया कि ईडब्ल्यूएस कोटा लागू होने से पहले जो आरक्षण मौजूद थे, वे जाति-पहचान पर आधारित नहीं थे बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन और प्रतिनिधित्व की कमी पर आधारित थे। हालांकि 103वें संशोधन में कहा गया है कि पिछड़े वर्ग ईडब्ल्यूएस कोटा के हकदार नहीं हैं। यह केवल अगड़े वर्गों में गरीबों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कुमारी बनाम केरल राज्य में यह कहा गया था कि सभी वर्ग सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में शामिल होने के हकदार हैं। डॉ.गोपाल ने कहा कि हमें आरक्षण में कोई दिलचस्पी नहीं है, हम प्रतिनिधित्व में रुचि रखते हैं। अगर कोई आरक्षण से बेहतर प्रतिनिधित्व का तरीका लाता है, तब हम आरक्षण को अरब सागर में फेंक देने वाले हैं। उन्होंने अपनी दलील देकर कहा कि किसी की भी फाइनेंशियल कंडीशन एक क्षणिक स्थिति है।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# हिंदी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वंदी नहीं मित्र है अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में अमित शाह

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजभाषा हिंदी को केवल प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा के रूप में इस्तेमाल करने पर जोर दिया है।

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सूरत में आयोजित पहले अखिल भारतीय राज सभा सम्मेलन में कहा कि हिंदी प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि क्षेत्रीय भाषा की मित्र है। जब आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा देश अगले २५ वर्षों में किसी भी भाषा के अल्पमत में न रहे। उन्होंने वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए हिंदी को राजभाषा के रूप में वरीयता देने पर भी जोर दिया।





हिंदी दिवस समारोह और दूसरा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन सूरत के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, महात्मा गांधी ने खुद हमारे देश को हिंदी के बिना गूंगा माना, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक शिक्षा में राष्ट्रीय भाषा हिंदी को मातृभाषा के रूप में इस्तेमाल करने पर जोर दिया है। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा के सभी क्षेत्रों में न केवल प्राथमिक बल्कि आने वाले दिनों में भी हिंदी भाषा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में राजभाषा हिंदी में मेडिकल सहित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम भी पढ़ाए जाएंगे, जिसका सीधा लाभ छात्रों को होगा.

उन्होंने आगे कहा, हिंदी को राजभाषा के रूप में बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं से अपील करते हुए कि समय आ गया है कि हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार करने के साथ ही युवाओं में हिंदी के प्रति हीन भावना को भी दूर किया जाए। आज देश और दुनिया की 70 से अधिक भाषाओं ने हिंदी वर्णमाला को अपनाया है। हिन्दी भाषा के संबंध में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजभाषा किसी अन्य क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वन्दी नहीं बल्कि सहयोगी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अदालती कार्यवाही की भाषा को स्थानीयकृत करने की दिशा में निर्णय लिया जाएगा.

## बिल्डिंग दुर्घटना में मारे गए श्रमिकों के परिजनों को तत्काल मुआवज दिया जाए : कांग्रेस

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात कांग्रेस ने अहमदाबाद में निर्माणाधीन इमारत दुर्घटना में मारे गए 7 श्रमिकों को तत्काल योग्य मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही इस प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि गुजरात में आए दिन ऐसी जानलेवा घटनाएं होती हैं इसके बावजूद राज्य सरकार ऐसी घटनाओं को गंभीरता से नहीं लेती। सब सुरक्षित के दावे करने वाली भाजपा सरकार ऐसी घटनाओं में श्रमिकों की मौत के बावजूद उनकी दरकार क्यों नहीं लेती? सूरत, वडोदरा, राजकोट और अहमदाबाद में हुई इस प्रकार की घटनाओं के बावजूद प्रशासन की नींद नहीं उड़ती। अहमदाबाद में ऐसी ही एक घटना में 7 निर्दोष श्रमिकों की मौत हो गई। मनीष दोशी ने कहा कि घटना के बाद गुजरात प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष बिमल शाह, असंगठित कामगार विभाग के अध्यक्ष अशोक पंजाबी, शहर कांग्रेस के प्रमुख नीरव बक्शी, स्वास्थ्य एवं अस्पताल समिति के प्रमुख भीखुभाई दवे समेत कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल अस्पताल में उपचाराधीन श्रमिकों से मिलने पहुंचा। जहां घायल श्रमिकों को उचित उपचार और घटना में मारे गए श्रमिकों के परिजनों को तत्काल योग्य मुआवजा देने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों का पंजीकरण, सुरक्षा के सभी व्यवस्था है या नहीं इसकी जांच करने की मांग की। अहमदाबाद में हुई घटना में क्या वाकई में फिल्ड विजिट की गई थी या नहीं? इसका सरकार को जवाब देना चाहिए।

## गुजरात एटीएस ने 200 करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स के साथ 6 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

गुजरात से तकरीबन 200 करोड़ रुपये मूल्य के ड्रग्स के साथ ६ पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। नशे की खेप बरामद होने के बारे में एटीएस के अधिकारियों ने सूचना दी है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सभी गिरफ्तार पाकिस्तान नागरिकों से पूछताछ हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश हो जा रही है, कि इतनी बड़ी मात्रा में लाए जा रहे नशीले पदार्थों को कहां खपाने की तैयारी थी। बता दें कि पाकिस्तान की ओर से भारत में नशे की खेप पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है। राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती इलाकों के साथ ही गुजरात के तटवर्ती इलाकों के जरिये भी ड्रग्स की तस्करी का प्रयास हो रहा है। पिछले कुछ समय में यह नशे की सबसे बड़ी खेप है, जिसे सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा है। गुजरात एटीएस ने कोस्ट गार्ड के साथ मिलकर आईएमबीएल से ड्रग्स का बड़ा जखीरा पकड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ड्रग्स की कीमत करीब 200 करोड़ आंकी जा रही है।

## कृभको का नूतन बायोएथेनॉल प्लांट दक्षिण गुजरात की गन्ना व चीनी से जुड़ी सहकारी इकाइयों के लिए लाभदायी सिद्ध होगा : मुख्यमंत्री

क्रांति समय,सूरत
www.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com

सूरत,मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि फ़्यूल के अपेक्षाकृत अधिक उपयोग से क्रूड ऑइल के आयाता पर बड़ी विदेशी पूंजी का भुगतान करना पड़ता है और अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ता है। साथ ही साथ औद्योगिक विकास के कारण ईंधन के निरंतर बढ़ते उपयोग से पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पटेल ने स्पष्ट मत व्यक्त किया कि कृभको के हज़ीरा प्लांट में एथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोजेक्ट ईंधन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के सपने




को साकार करने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने कृभको जैसे सहकारी संस्थान के नूतन आयाम का स्वागत करते हुए कहा कि गुजरात को यह प्लांट इकोफ्रेंड्ली विकास की दिशा की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र के साथ देश के सहकारिता ढाँचे को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए देश में पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है, जो देश को पाँच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने दीर्घदृष्टियुक्त विज़न के लिए कृभको परिवार को अभिनंदन देते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट से एथेनॉल प्राप्ति के बाद लगभग ३६ हज़ार पूरक पशु आहार भी मिलेगा, जो पशु, मछली तथा मुर्गी के आहार की मांग की पूर्ति करेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मज़बूती देगा। हज़ीरा में शुरू हो रहा यह प्लांट दक्षिण गुजरात की गन्ना व चीनी से जुड़ी सहकारी इकाइयों के लिए लाभदायी सिद्ध होगा।

